# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 अंक 191 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए


विधानसभा चुनाव

## रिकार्ड तोड़ वोटिंग

| | |
|---|---|
| असम | 85.89% |
| केरल | 78.27% |
| पुडुचेरी | 89.87% |



पुडुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।** देश के दो राज्यों असम, केरलम, केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। 1950 में असम के बनने के बाद से राज्य में सबसे ज्यादा 85.89 फीसदी वोटिंग हुई। इससे पहले 2016 में 84.7 फीसदी मतदान हुआ था। पुडुचेरी में आजादी के बाद सबसे ज्यादा 89.87 फीसदी मतदान हुआ। इससे पहले का रिकॉर्ड 85 फीसदी (2006, 2011 और 2016 विधानसभा चुनाव) का था। केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.27 फीसदी वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2 फीसदी मतदान हुआ था। वोटिंग परसेंट के आंकड़े 9 अप्रैल की रात 11.30 बजे तक के हैं। चुनाव आयोग का फाइनल आंकड़े जारी करना बाकी है। असम में 126 सीटों पर 722 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला होगा। 35 जिलों में से 26 से ज्यादा जिलों में 80 फीसदी से ऊपर वोटिंग हुई। केरलम में 140 सीटों पर 883 उम्मीदवार मैदान में थे। 14 जिले में से दो जिलों में 80 फीसदी से ऊपर मतदान हुआ। पुडुचेरी की 30 सीटों में कुल 10 लाख मतदाता हैं। यहां दो जिले हैं। सबसे ज्यादा 90.47 फीसदी मतदान पुडुचेरी जिले में हुआ। वहीं करईकल में 86.77प्रति. वोटिंग हुई।






# अगले माह से गांव में भी मुफ्त नहीं मिलेगा पानी!

## प्रदेश में 23 हजार से अधिक पंचायतें

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में अब पीने के पानी की सप्लाई और पाइपलाइन के रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह से ग्राम पंचायतों के हवाले होगी। राज्य सरकार ने इसके लिए नए नियम तैयार कर लिए हैं। इसके तहत अब हर गांव में एक पानी समिति बनाई जाएगी। यह कमेटी न केवल नल कनेक्शन दिलाएगी, बल्कि यह भी तय करेगी कि गांव के लोगों के लिए वाटर टैक्स की दरें कतनी तय की जाएं। खास बात यह है कि अगर कोई उपभोक्ता लगातार तीन महीने तक पानी का बिल नहीं भरेगा, तो पंचायत उसका नल कनेक्शन काट सकेगी। इसके अलावा पानी की बर्बादी करने वालों पर भी नकेल कसी गई है।

पाइपलाइन से पानी फैलाते पाए जाने पर 100 से लेकर 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। ग्राम पंचायतें अब वाटर टैक्स की राशि से ही बिजली बिल के साथ अन्य खर्च भी करेगी। सरकार ने इन नियमों में ग्राम पंचायतों को अधिकार दिया है कि वे गांव के 5 से 10 ऐसे परिवारों का पानी का बिल माफ कर सकती हैं, जो बेहद गरीब हैं या जिनमें कोई दिव्यांग या विधवा महिला है। नल-जल योजना चलाने के लिए पंचायतों को एक पंप ऑपरेटर रखने की भी छूट दी गई है, जिसका वेतन वसूले गए वाटर टैक्स की रकम से दिया जा सकेगा। पानी की शुद्धता को लेकर भी सख्ती बरती गई है। अब पंचायतों को समय-समय पर फील्ड टेस्ट किट के जरिए पानी की जांच करनी होगी और उसकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर डालनी होगी। यदि पानी पीने लायक नहीं पाया गया, तो सप्लाई तुरंत रोककर उसकी लैब में जांच करानी होगी।




### हर माह जलकर न्यूनतम रेट किए तय

| प्रकार | दर (रुपए प्रतिमाह में) |
|---|---|
| घरेलू कनेक्शन (ट्राइबल ब्लॉक) | 60 |
| घरेलू कनेक्शन (मास्टर प्लान एरिया) | 120 |
| घरेलू कनेक्शन (सामान्य पंचायत) | 100 |
| स्कूल, कॉलेज जैसी सार्वजनिक संस्था | 200 |
| इंडस्ट्रीज | उपयोग की मात्रा पर |
| गैर घरेलू (इंडस्ट्री से अलग) | 500 |
| **कनेक्शन चार्ज** | |
| एससी/एसटी परिवार | 1000 |
| अन्य परिवार | 2500 |
| सार्वजनिक संस्था | 5000 |
| इंडस्ट्री | 10000 |
| गैर घरेलू (इंडस्ट्री से अलग) | 8000 |

ग्रामीण अंचलों में यह व्यवस्था पहले से लागू थी, लेकिन नियम नहीं बने थे। अब नए रूल बनाए हैं। इस माह के अंत तक दावे-आपत्ति आने के बाद उनका निराकरण कर इसे लागू किया जाएगा।

● **छोटे सिंह**
संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मप्र

## अब पंचायत को तत्काल सुधारना होगा लीकेज

नई व्यवस्था में शिकायतों के निपटारे के लिए भी समय-सीमा तय कर दी गई है। यदि किसी ग्रामीण के नल में तकनीकी खराबी आती है, तो पंचायत को उसे दो से तीन दिन के भीतर ठीक करना होगा। ग्रामीण अपनी शिकायतें सीधे पंचायत कार्यालय या सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज करा सकेंगे। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से गांवों में पानी की बर्बादी रुकेगी और लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। साथ ही, बिजली बिलों के भुगतान और छोटी-मोटी मरम्मत के लिए अब पंचायतों को सरकार का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा, क्योंकि वे जल कर से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल इन कामों में कर सकेंगी।

सूबे में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, 26 आईएएस के तबादले

# रीवा समेंत 14 जिलों के कलेक्टर बदले प्रियंक को भोपाल की कमान

## रीवा के अगले कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी होंगे , सौरभ सोनवड़े बैतूल में लेंगे सूर्यवंशी की जगह



सौरभ सोनवड़े | प्रतिमा पाल | नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने गुरुवार देर शाम भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 26 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें भोपाल सहित 14 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है, जबकि धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भोपाल के नए कलेक्टर होंगे। पांच जिलों के कलेक्टरों को फिर से दूसरे जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल को सागर कलेक्टर व बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को रीवा कलेक्टर बनाया गया है। जबकि रीवा निगमायुक्त सौरभ सोनवड़े को पहलीबार कलेक्टर बनाकर बैतूल की कमान सौंपी गई है। प्रशासनिक फेरबदल की बहुप्रतीक्षित सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गुरुवार को देर शाम जारी कर दी गई, जिसमें 14 जिलों के कलेक्टर व एक संभागायुक्त को बदल दिया गया। फेरबदल में रीवा कलेक्टर प्रतिमा पाल को सागर, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को रीवा, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को भोपाल, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नर्मदापुरम, कलेक्टर श्योपुर अर्पित वर्मा को कलेक्टर शिवपुरी और झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को सिवनी कलेक्टर बनाया गया है। इन सभी अधिकारियों पर राज्य सरकार ने भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार दूसरे जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2014 और 2015 बैच के कई अधिकारियों को उनके बेहतर कार्यप्रणाली के चलते जिलों की कमान सौंपी है। इस सूची में जिन जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, उनमें से कई का कार्यकाल एक ही जिले में दो से तीन वर्ष पूरा हो चुका था। इनमें धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और रीवा कलेक्टर प्रतिमा पाल शामिल हैं।


### पहली बार मिली जिलों की जिम्मेदारी

इस फेरबदल में महिला आईएएस अधिकारियों को भी महत्व दिया गया है। इनमें से कई को पहली बार जिले का कलेक्टर बनाया गया है। इनमें हाउसिंग बोर्ड और फिर पर्यटन बोर्ड में बेहतर परिणाम देने की वजह से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उपसचिव विदिशा मुखर्जी को पहली बार जिले की कमान सौंपी गई है, उन्हें नए जिले मैहर का कलेक्टर बनाया गया है। *( तबादला सूची पेज-7 पर )*

**नर्मदापुरम के आयुक्त और कलेक्टर बदले:** प्रशासनिक सर्जरी में नर्मदापुरम के संभागायुक्त कृष्णगोपाल तिवारी और वहां की कलेक्टर सोनिया मीना को भी बदला गया है। कमिश्नर तिवारी को आयुक्त सामाजित न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण और कलेक्टर मीना को वित्त विभाग का अपर सचिव बनाया गया है।

**तीन घंटे सीएम, सीएस ने की मंत्रणा:** इससे पहले गुरुवार को दोपहर 1:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन भवन पहुंचकर मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ तबादलों को लेकर मंत्रणा की। दोनों अधिकारी यहां लगभग साढ़े तीन घंटे से ज्यादा समय रहे और स्थानांतरण की सूची को अंतिम रूप दिया। हालांकि, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और विभागाध्यक्षों के नामों को लेकर भी सीएम, सीएस के बीच चर्चा हुई है, लेकिन उन नामों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका, जिसके बाद सचिव, अवर सचिव और उपसचिव स्तर के 26 अधिकारियों के दायित्व बदले जाने का आदेश जारी कर दिया गया।

**जनगणना शुरू होने से पहले फेरबदल:** मध्यप्रदेश में जनगणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारम्भ होना है। केंद्र सरकार ने इसके लिए आदेश जारी कर राज्य सरकार से अपेक्षा की थी कि जनगणना के कार्य में लगे अधिकारियों को तय समय तक स्थानांतरित नहीं किया जाए। हालांकि, इसमें आईएएस अधिकारियों को इस दायरे से बाहर रखे जाने की बात कही जा रही है, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने जनगणना शुरू होने से पहले ही आईएएस अधिकारियों को स्थानांतरित करने का आदेश जारी कर दिया।



# अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने नगर निगम आज कर सकता है कार्यवाही





**जागरण, रीवा।** सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक अमहिया मार्ग के चिन्हित अतिक्रमणकारियों द्वारा पिछले कई दिनों से रास्ते में फंस रहे हिस्से को स्वयं तोड़ा जा रहा है। लेकिन तोड़ने की गति बेहद धीमी होने के कारण शुक्रवार को नगर निगम की टीम द्वारा पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग लेकर हटाने की कार्यवाही की जा सकती है। नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही बुधवार को प्रारंभ करके अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। इस कार्यवाही के बाद अपने अतिक्रमण कुछ और लोग तोड़ने लगे हैं लेकिन कई लोग अभी भी कार्यवाही रोकवाने के लिए नेताओं और निगमायुक्त के चक्कर काट रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों एसडीएम और निगमायुक्त निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण खुद हटा लेने के लिए समझाइश दी गई थी। उस समय अधिकांश अपने अतिक्रमण खुद हटा लेने के लिए सहमत हो गये थे। इसके बाद कई अतिक्रमणकारी शांत बैठे हैं। ऐसे लोग कार्यवाही रुकवाने के लिए प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि कोई न कोई हल अवश्य निकल आएगा। सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक अमहिया मार्ग में कुल 165 अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। सभी को नोटिस के जरिये एवं मुनादी कराकर अतिक्रमण हटा लेने के लिए चेतावनी दी जा चुकी है। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को पर्याप्त समय दिया जा चुका है। दरअसल अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय दिया गया था लेकिन एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी 4-6 लोग ही अपने अतिक्रमण हटाने लगे हुए हैं। इससे इस मार्ग पर चलने वाले लोग भारी परेशान हैं। सभी चाहते हैं कि अन्य स्थानों की तरह एक झटके में कार्यवाही की जाकर अतिक्रमण हटा दिया जाय।

### सड़क पर फैला रहता है मलबा

सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक वर्तमान में चलना बेहद खतरनाक हो गया है। सड़क पर यहां वहां फैले मलबे की वजह से जरा सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। पिछले दस दिनों से इस मार्ग पर जान जोखिम में डाल कर लोग चलने को मजबूर हैं। कई लोग धीरे-धीरे अतिक्रमण तोड़ रहे हैं। यही गति रही जो इस प्रक्रिया में महीनों लगा जाएगे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद भी बाणसागर तलैया में धड़ल्ले से चल रहा निर्माण

## चोरी छिपे दी गई भवन अनुज्ञा मामले में भी नहीं की गई कोई कार्यवाही

**जागरण, रीवा।** शहर के बाणसागर कॉलोनी से लगी शासकीय जमीन पर हाईकोर्ट में प्रकरण चलने के बाद भी धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। पिछले लगभग एक महीने से काम चल रहा है लेकिन नगरनिगम द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है। इंजीनियरों द्वारा मौका मुआयना तक नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, नगर निगम के इंजीनियर द्वारा चोरी छिपे रिटायर होने से एक दिन पहले भवन अनुज्ञा भी प्रदान कर दी गई है। गौरतलब है कि शहर के बाणसागर कॉलोनी से लगी शासकीय जमीन के मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण हाईकोर्ट के आदेश पर हुजूर तहसीलदार को विश्वनाथ पटेल के नाम नामांतरण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील दायर कर दी गई है और प्रकरण विचाराधीन है। इसके बावजूद विश्वनाथ पटेल द्वारा सच्चाई को छिपाते हुए नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा हासिल कर ली गई। नगर निगम आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद उनके द्वारा तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए फिर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश से आराजी क्रमांक 631/2 रकबा 1.19 एकड़ जमीन विश्वनाथ पटेल के नाम पर हो जाने के बाद



634.51 वर्ग मीटर बिल्डअप एरिया में नगर निगम द्वारा 30 दिसंबर 25 को निर्माण की मंजूरी प्रदान की गई है। हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद भी नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा उक्त विवादित जमीन पर व्यावसायिक एवं रिहायशी भवन बनाने की अनुज्ञा प्रदान कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा हाई कोर्ट की डबल बेंच में उक्त फैसले के खिलाफ प्रकरण दायर किया गया है और यह मामला विचाराधीन है। कलेक्टर द्वारा मामले हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ डबल बेंच में प्रकरण तैयार करने के लिए कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया था और उन्हीं की देखरेख में प्रकरण हाईकोर्ट की डबल बेंच में दायर किया गया है। भवन बनाने की अनुज्ञा मिलने के बाद से ही यहां पर तेजी से काम किया जा रहा है। लेकिन नगर निगम प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय शांत बैठा है।

# अमरनाथ यात्राः तारीखों की घोषणा नहीं होने से श्रद्धालुओं में असमंजस



**जागरण,रीवा।** बाबा बर्फानी की पवित्र अमरनाथ यात्रा की तारीखों की घोषणा अभी तक नहीं होने से श्रद्धालु असमंजस में हैं। रीवा सहित विंध्य क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन के लिए जाते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन और मेडिकल कराना अनिवार्य होता हैं। इस बार यहां से 20 हजार श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। लेकिन अभी तक अमरनाथ शाइन बोर्ड ने तारीखों की घोषणा नहीं होने से श्रद्धालुओं में मायूसी का महौल है।

### मेडिकल-टिकट सब अटके

### श्राइन बोर्ड के पोर्टल पर भी अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं, श्रद्धालु लगा रहे फोन

**पिछले साल 14 अप्रैल से शुरू हो गए थे पंजीयन :** 2025 में अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त तक यानी 38 दिनों तक चली थी। यात्रा के लिए यात्रियों के ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन किए गए थे। गत गत वर्ष यात्रा की तारीखों की घोषणा होते ही 14 अप्रैल से पंजीयन भी प्रारंभ हो गया था।

**आयोजन समितियां असमंजस में :** बता दें कि जिले सहित विंध्य क्षेत्र की कई सामाजिक समितियां अमरनाथ यात्रा के दौरान भंडारे का आयोजन करती हैं, इनको लेकर भी समितियां असमंजस में पड़ी हुई हैं। सिलेंडर की समस्या ने भी लोगो को परेशान कर रखा है। हालांकि आयोजकों का कहना है कि वह धीरे-धीरे तैयारी में जुटे हैं, जैसे ही तारीख तय होती है, वह इसे और गति दे देंगे।

# रीवा रेलवे स्टेशन पार्किंग में अवैध वसूली का आरोप, ड्राप एण्ड गो पर मनमानी



**जागरण, रीवा।** पश्चिम मध्य रेलवे के रीवा रेलवे स्टेशन परिसर में एक बार फिर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यात्रियों और वाहन चालकों का आरोप है कि पार्किंग के साथ-साथ ड्रॉप एण्ड गो एरिया जोन में भी जबरन शुल्क लिया जा रहा है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि स्टेशन पर किसी यात्री को छोड़ने या लेने आने वाले वाहन चालकों से भी पैसे वसूले जा रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार ड्रॉप एंड गो क्षेत्र में 5 कुछ समय तक रुकने पर शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद यहां तैनात कर्मियों द्वारा मनमाने तरीके से वसूली की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस मामले की शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यात्रियों का आरोप है कि वसूली के नाम पर कर्मचारी वाद विवाद करने लगते हैं, जिससे ड्राप एण्ड गो एरिया में तय समय पांच मिनट से अधिक हो जाता है और फिर उनसे वसूली की जाती है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पर तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे ड्राप एण्ड गो का लाभ लोगों को मिल सके।

### रेल यात्रियों में नाराजगी, पूर्व में भी दिखा था विरोध

# महंगाई ने बदली करवट : आसान नहीं रहा आशियाना बनाना

## निर्माण सामग्री के 30 फीसदी तक बढ़ गए दाम

## सीमेंट, सरिया, पीवीसी पाइप, टाइल्स, पेंट, विद्युत सामग्री व रंग-रोगन के दाम बढ़े

दैनिक जागरण विशेष खबर



**जागरण, रीवा।** शहर में इन दिनों मकान बनाना आम आदमी के लिए पहले से कहीं ज्यादा महंगा हो गया है। निर्माण सामग्री के लगातार बढ़ते दामों ने लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। लोहा, सीमेंट, टाइल्स, पीवीसी, पेंट, ईंट और अन्य आवश्यक सामग्रियों के रेट में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। जिससे घर निर्माण की लागत करीब 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार लोहे की सरिया के दाम में हाल ही में 5 से 6 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। जो सरिया पहले 54 से 55 रुपए प्रति किलो मिल रही थी, अब उसकी कीमत बढ़कर 60 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। इसी तरह सीमेंट के दाम में भी 25 रुपए प्रति बोरी का इजाफा हुआ है। पहले 300 रुपए में मिलने वाली सीमेंट अब 325 रुपए प्लास्टिक पाइप, पानी की टंकी और नल फिटिंग के दामों में भी लगभग 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं पेंट के दामों में 8 से 10 प्रतिशत और टाइल्स के रेट में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी बताई जा रही है। इसके अलावा गिट्टी और मुरम जैसी सामग्रियां भी 10 से 20 प्रतिशत तक महंगी हो चुकी हैं।

### पेंट मेटेरियल के साथ पुट्टी महंगी हुई

मकान बनने के बाद सबसे आखिरी काम रंग-रोगन होता है। जो पूरे मकान की सुंदरता को चार-चांद लगा देता है। लेकिन पिछले एक माह के अंदर दामों में 5 से 10 फीसदी तक की वृद्धि हुई है। विभिन्न कंपनियों के दामों में अलग-अलग रेट बढ़े हैं। इसके अलावा पुट्टी के रेट में भी 5 फीसदी का इजाफा हुआ है।

### व्यापारियों ने कई कारण बताए

व्यापारी क्षेत्र से जुड़े व्यापारी आकाश चौधरी का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं। लेकिन प्रमुख कारण ईरान व अमेरिका में चल रहा युद्ध है। जिसके बाद से सरिया व सीमेंट के दामों में वृद्धि हुई है। वहीं क्रेशर संचालक गिरीश पटेल के अनुसार परिवहन लागत में इजाफा होने से भी गिट्टी के दाम में भी 10 फीसदी का इजाफा हुआ है। रेत की कमी और खनन से जुड़े नियमों के कारण इसके दाम आसमान छू रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में घर बनाना मध्यम वर्ग के लिए और चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। कुल मिलाकर निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों ने मकान बनाना लगभग 30 प्रतिशत तक महंगा कर दिया है। ऐसे में आम आदमी को अपने सपनों का घर बनाने के लिए अब पहले से कहीं अधिक बजट की जरूरत पड़ रही है।

### विद्युत फिटिंग में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

मकानों की विद्युत फिटिंग के दाम भी 20 प्रतिशत तक बढ़ गए है। दुकानदार तिवारी टेडर्स के अनुसार सबसे अधिक रेट वायर के बड़े हैं। पिछले एक माह के दौरान वायर में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं विद्युत फिटिंग की अन्य सामग्री में अलग-अलग सामग्री पर 5 से लेकर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मकान निर्माण करा रहे भूमि स्वामियों ने बताया कि महंगाई के कारण उनका बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि सरिया और सीमेंट के दाम बढ़ने से निर्माण लागत में अचानक वृद्धि हुई है। जब मकान की छत और सेटिंग का काम होगा, तब खर्च और अधिक बढ़ जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रेत, ईंट और गिट्टी के दाम पहले से ही ऊंचे चल रहे हैं, जिससे आम व्यक्ति के लिए मकान बनाना मुश्किल होता जा रहा है।

# ओला प्रभावित किसानों को मुआवजे के लिए कांग्रेस ने दिया धरना

## कांग्रेसियों ने कहा, किसान विरोधी है भाजपा सरकार



**जागरण, रीवा।** ओला प्रभावित किसानों क्को मुआवजा हेतु फसल क्षति सर्वे के लिए जिला कांग्रेस ने सिरमौर चौराहा स्थिति राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सेमरिया विधायक अभय मिश्रा तथा महापौर अजय मिश्रा बाबा के विशिष्ठ आतिथ्य में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में को संबोधित करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान विरोधी हैं, इनके कथनी करनी में जमीन-आसमान का अंतर हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल मे असमय भारी वर्षा एवं आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि से नुकसान हुई फसलों को देखने के लिए जिला प्रशासन का कोई अमला किसानों के खेत मे अभी तक नहीं पहुंचा हैं, इससे किसानों मे घोर निराशा की भावना व्याप्त हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था तत्काल करायी जाये जिससे किसानों को परेशानी न हो, साथ ही सर्वे कराकर शीघ्र ही उचित मुआवजा दिलाया जाये। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों को केवल धरना प्रदर्शन के माध्यम से ही नही वरन गांव की बस्तियों में कांग्रेस जनों को घर-घर जाकर बताना होगा, तभी हम भाजपा सरकार को प्रदेश से बेदखल करने मे कामयाब होंगे। रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि भाजपायी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। यहां की सम्पूर्ण व्यवस्था चरमाराई हुई हैं, इस व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कांग्रेस जनों को कठिन संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल को सम्बोधित 08 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार हुजूर को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, कविता पाण्डेय, डॉ शीला त्यागी, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ अरूणा तिवारी, एड. रवि तिवारी सज्जन पटेल बबिता साकेत, शिव प्रसाद प्रधान, गोविन्ददास तिवारी, चंद्रमणि शुक्ला, लखनलाल खण्डेलवाल, सत्यनारायण तिवारी, मुस्तहाक खान, जीपी त्रिपाठी, हर्षलाल शुक्ला, रमेश पटेल, लल्लन खान, रामकीर्ति शर्मा, जितेन्द्र सिंह,चक्रधर सिंह, संदीप सिंह बघेल, मानवेन्द्र सिंह नीरज, डॉ स्वतंत्र कुमार सिंह, महेन्द्र उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, प्रतिभा सिंह, विजय लक्ष्मी मिश्रा, अंजनी द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह रिमारी,अरुण तिवारी मुन्नू, उमेश वर्मा, कश्यप नंदन परौहा चंचलसहित बड़ी तादाद मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने नहर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

## निर्माण बाधाओं को दूर कर किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाने के दिए निर्देश

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में विभिन्न नहर परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नहर परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए, जिससे किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए अविलंब पानी पहुँचाया जा सके। सिंचाई परियोजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर तक के किसानों को लाभान्वित करना है। निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी समन्वय के साथ काम करें और सुनिश्चित करें कि परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हों। भू-अर्जन, वन विभाग की अनुमति या अन्य स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाएं। कार्यों की



गुणवत्ता और गति की नियमित निगरानी करें। आगामी सीजन को देखते हुए जल वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाएं। बैठक में बहुती नहर परियोजना, त्योंथर बहाव परियोजना, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित अन्य नहर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं संबंधित परियोजनाओं के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

# सुबह से लगे कतार में, दोपहर तक नहीं दिए सिलेण्डर

## सिलेण्डर न होने पर नहीं लगाए जाते नोटिस बोर्ड



**जागरण, रीवा।** रीवा गैस एजेन्सी से गुरुवार को फिर एक बाद गैस सिलेण्डर लेने आए उपभोक्ताओं को निराशा ही हाथ लगी। लोग सुबह से ही सिलेण्डर लेने कतार में लग गए थे, लेकिन दोपहर तक उन्हें सिलेण्डर नसीब नहीं हुए। एजेन्सी के कर्मचारी यही बोलते रहे कि दो-तीन घंटे बाद गैस कि ट्रक आएगा। जबकि उपभोक्ता धूप में तपते रहे, उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि यहां से कालाबाजारियों को सिलेण्डर आसानी से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही, कनेक्शनधारी उपभोक्ता सिलेण्डर के लिए परेशान हैं।

**मैसेज मिलने के बाद ही देना है सिलेण्डर :** पूर्वानुसार अभी भी उपभोक्ताओं को गैस नंबर लगने पर दी जा रही है, किन्तु जिन लोगों के नंबर लग चुके, उनका मैसेज भी आ गया है, उन्हें भी यहां से चलता किया जा रहा है। ऐसे में धूप में परेशान होते रहने की अपेक्षा लोग अपने घरों को लौट गए।

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
Where Every Student is Valued .... Science, Art, Commerce
ADMISSION OPEN 2026-27 Nursery to 12th
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

PIONEERS SCHOOL OF EXCELLENCE
Behind Vrindawan Colony Near Janta College Anantpur, Rewa (M.P.)
ADMISSION FEES में विशेष छूट 15.04.2026 तक
Nursery to 10th Class An English Medium School
CBSE Pattern Formerly shemrock
National School Award 2021 Winner
Vacancy For - Pre-Primary teacher, PRT (science/mathematics) & office reception.
ADMISSION OPEN Now
Session : 2026-27
Phone No.: 8370073017, 9109143141

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
12 अप्रैल,रविवार प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सर्वाइकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

वर्ष 73 अंक 191 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अच्छे लोग, अच्छी किताबें तुरंत समझ में नहीं आती, उन्हें पढ़ना पड़ता है।
-अज्ञात

## संक्षिप्त खबरें

### आज से टोल पर कैश नहीं, सिर्फ यूपीआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आप भी नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस वे पर सफर करते हैं, तो खबर आपके लिए है। अब टोल पर सिर्फ ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। केंद्र की ओर से १० अप्रैल से नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत कैश के जरिए टोल टैक्स का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। अब सिर्फ यूपीआई या फास्टैग के जरिए ही टोल प्लाजा पर भुगतान किया जाएगा। अगर फास्टैग की जगह यूपीआई से टोल टैक्स का भुगतान करते हैं तो ज्यादा कीमत देनी होगी। अब फास्टैग से 100 रुपए की जगह यूपीआई से 125 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा।

### एअर इंडिया फ्लाइट का इंजन बंद, हादसा टला

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही एअर इंडिया की एअरबस ए320 एनईओ फ्लाइट एआई 2812 गुरुवार को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटी। अधिकारियों ने बताया कि हवा में एक इंजन बंद होने पर पायलट ने रेडियो पर 'पैन-पैन' कॉल दी, जिसके बाद फ्लाइट को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित लैंड कराया गया। विमानन इमरजेंसी प्रोटोकॉल में यह कॉल 'मेडे' से एक स्तर नीचे मानी जाती है। इसका मतलब स्थिति गंभीर है और तुरंत सहायता की जरूरत है, लेकिन तत्काल जानलेवा खतरे की स्थिति नहीं है। टेकऑफ के दौरान तेज आवाज सुनाई दी और चिंगारी भी दिखीं। फ्लाइट को सुबह 2.05 बजे उड़ान भरनी थी लेकिन यह करीब 2.30 बजे रवाना हुई थी।

### TATA IPL आईपीएल में आज

राजस्थान बनाम बेंगलुरु
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
परिणाम: लखनऊ ने कोलकाता को 3 विकेट से हराया।

# होर्मुज स्ट्रेट से रोजाना गुजरेंगे सिर्फ 15 जहाज

## ईरान बोला-प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर होगी सैन्य कार्रवाई

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से एक दिन में सिर्फ 15 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी है। ईरान ने यह भी कहा है कि यह मंजूरी सिर्फ अमेरिका के साथ जारी अस्थायी संघर्ष विराम के दौरान ही लागू रहेगी। हालांकि, इस दौरान गुजरने वाले जहाजों को ईरान के बनाए सख्त ट्रैफिक प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी होगा। इस प्रोटोकॉल को न मानने वाले जहाजों के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद से ही होर्मुज बंद है। इस कारण पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। रूसी समाचार एजेंसी तास से बात करते हुए एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने बताया कि हर बार जहाज के गुजरने के लिए ईरान की मंजूरी, प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी होगा। इसके साथ कुछ शर्तें भी जुड़ी होंगी।



ईरान ने जारी किया होर्मुज स्ट्रेट का नया रूट मैप।

### भारत भी अंडमान के समंदर में वसूले टोल : बग्गा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजर रहे जहाजों से टोल वसूलने पर ईरान आमदा है। ईरान ने सीजफायर की शर्तों में इस बात को रखा है कि वो होर्मुज पर कंट्रोल चाहता है और वहां से होकर गुजर रहे जहाजों से कम से कम एक डॉलर प्रति बैरल का टोल वसूलेगा। इस बीच भारत के दिग्गज बैंकर अजय बग्गा ने भी कहा है कि अगर ईरान होर्मुज से टोल वसूल सकता है, तो भारत को भी दक्षिण अंडमान में समंदर से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलना चाहिए।

## ट्रंप का एक फोन और मान गए नेतन्याहू

इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने लेबनान के साथ जल्द सीधी बातचीत की मंजूरी दे दी है। उनका यह बयान तब आया है, जब लेबनान पर इजरायली बमबारी से अमेरिका-ईरान संघर्षविराम कमजोर पड़ता नजर आया है। इस बीच ट्रंप ने भी नेतन्याहू से फोन पर बात की है और लेबनान पर हमले कम करने को कहा। इसके बाद लेबनान को लेकर नेतन्याहू के सुर नरम पड़ते दिख रहे हैं। इस बातचीत में मुख्य जोर हिजबुल्लाह को निरस्त्र करने तथा पड़ोसी देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करने पर होगा। उन्होंने बेरुत को सैन्य-मुक्त क्षेत्र बनाने के लेबनान के प्रधानमंत्री के आह्वान का स्वागत किया। लेबनान की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान और अमेरिका, दोनों ने ही युद्धविराम की घोषणा के बाद अपनी-अपनी जीत का दावा किया था। वे अब एक-दूसरे पर दबाव डालते नजर आ रहे हैं।

### ईरान से बात मनवाने पाक का किया था यूज

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सिर्फ औपचारिक वार्ताएं ही नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे चलने वाली 'शांत कूटनीति' भी बड़े फैसलों को आकार देने में अहम होती है। ऐसा ही ईरान जंग में किया गया। अस्थायी युद्धविराम की कोशिशों में अमेरिका ने पाकिस्तान को अहम बैक-चैनल के तौर पर इस्तेमाल किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, वाइट हाउस ने सीधे बातचीत के बजाय इस्लामाबाद के जरिए तेहरान तक बात पहुंचाई।

## पूर्व इजराइली आर्मी चीफ का फोन हैक का दावा

ईरान से जुड़े हंडाला हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि उसने इजराइली सेना के पूर्व प्रमुख हर्जी हलेवी के फोन और दूसरे डिवाइस हैक किए थे। हैकर ग्रुप का कहना है कि वह कई सालों से चुपचाप उनके सिस्टम में घुसा था। इस दौरान उसने हजारों फोटो और वीडियो इकट्ठा किए। उसे इजराइल की सीक्रेट मीटिंग, सेना के ठिकाने और कई अहम अंदरूनी जानकारी मिलती रहीं। ग्रुप ने कुछ फोटो और वीडियो जारी किए हैं। इनमें हलेवी अलग-अलग सैन्य ठिकानों पर जाते, मीटिंग करते, अधिकारियों से बात करते दिखते हैं। कुछ तस्वीरें उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी हैं, जिनमें परिवार की फोटो,पहचान पत्र जैसी चीजें शामिल हैं। इन लीक में कुछ ऐसी मुलाकातें सामने आई हैं जिनके बारे में पहले सार्वजनिक जानकारी नहीं थी।

# बेतवा सहित तीन बड़ी परियोजनाओं से सिंचाई क्षेत्र में समृद्ध होगा मप्रः सीएम

### बोले-नदी जोड़ो से बढ़ेगा जलस्तर बड़ी आबादी को मिलेगी पानी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन बेतवा सहित तीन बड़ी परियोजनाओं के चलते जहां प्रदेश के कई जिलों में भूमि जलस्तर में सुधार होगा, तो वहीं वहां की पेयजल व्यवस्था भी पहले से ज्यादा बेहतर होगी। अकेले केन बेतवा परियोजना से 10 जिलों की 41 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की तीन अंतर्राज्यीय सिंचाई परियोजनाएं किसानों की समृद्धि और प्रदेश की तरक्की का आधार बन रही हैं। किसानों को भरपूर पानी मिलेगा, जिससे वे एक वर्ष में तीन-तीन फसलें ले सकेंगे। उन्होंने कहा, उप्र के साथ केन-बेतवा लिंक परियोजना, राजस्थान के साथ पार्वती-चंबल-कालीसिंध परियोजना और महाराष्ट्र के साथ मेगा-तापी अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इनके पूरा होने पर मप्र में कृषि, उद्योग, पेयजल के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होगा। देश की प्रथम अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से दो चरणों में मप्र में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई क्षमता विकसित की जानी है। 126 एमसीएम जल से 10 जिलों की 41 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।



### डिजिटल तकनीक से किसान होंगे समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार किसानों के जीवन को आसान बनाने डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग कर रही है। डिजिटल किसान डेटा इंटीग्रेशन से किसानों की जमीन, फसल उत्पादन से जुड़ी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो रही है, जिससे योजनाओं का लाभ तेजी से किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना समय की जरूरत है। डॉ. यादव ने कहा, वर्ष 2026 को प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से किसानों के लिए लाभकारी कृषि का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### कांग्रेस की आज बड़ी बैठक

## 33% महिला आरक्षण पर बनेगा बड़ा प्लान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को लेकर अपनी रणनीति को धार देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की अहम बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब महिला आरक्षण को लेकर देशभर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में कांग्रेस के शीर्ष नेता शामिल होंगे और महिला आरक्षण बिल पर पार्टी की स्पष्ट और ठोस रणनीति तय की जाएगी। संसद के भीतर, बाहर इस मुद्दे को किस तरह उठाया जाए, इस पर भी विचार-विमर्श होगा, ताकि पार्टी राजनीतिक स्थिति को मजबूत कर सके। महिला आरक्षण बिल लंबे समय से देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। यह बिल संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करता है।

# प्रदेश में नहीं चलेंगी 15 साल पुरानी कमर्शियल बसें: हाईकोर्ट

### सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने सही ठहराते हुए बस आपरेटरों की याचिका की खारिज

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस महत्वपूर्ण आदेश को पूर्णतः वैध करार दिया, जिसके तहत 15 साल से अधिक पुरानी कमर्शियल बसों के संचालन पर रोक लगा दी गई थी। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने बस ऑपरेटरों द्वारा दायर सभी 10 याचिकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार को परिवहन नीति बनाने और जनता के हित में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि जब नियमों में संशोधन को पहले ही वैध ठहराया जा चुका है, तो उस आधार पर जारी प्रशासनिक आदेश को अवैध नहीं कहा जा सकता। यात्री सुरक्षा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सरकार को स्टेज कैरिज परमिट से जुड़ी नीतियां बनाने का अधिकार है। न्यायालय ने गत 27 फरवरी 2026 को सुरक्षित रखा फैसला सुनाया। मप्र सरकार ने 14 नवंबर 2025 को एक आदेश जारी किया था। जिसमें 15 साल की समय सीमा पूरी कर चुके व्यावसायिक वाहनों (विशेषकर बसों) को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया गया था। प्रदेश में वर्तमान में 899 ऐसी बसें चल रही हैं जो अपनी आयु सीमा पार कर चुकी हैं। बस संचालकों ने तर्क दिया था कि उनके पास वैध फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट मौजूद हैं। सभी याचिकाकर्ताओं के पास वैध स्टेज कैरिज परमिट हैं। परमिट का समय-समय पर नवीनीकरण भी कराया गया है। फिटनेस सर्टिफिकेट और टैक्स भी नियमित रूप से जमा किए गए हैं।

# नल-जल योजना: 2 करोड़ का काम, 12 करोड़ का किया भुगतान

### अंजड़ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष, सीएमओ समेत 9 के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के बड़वानी जिले की अंजड़ नगर परिषद में पेयजल योजना में हुए घोटाले की छानबीन के बाद ईओडब्ल्यू की इंदौर यूनिट ने इस मामले में नगर परिषद के तत्कालीन अध्यक्षों, अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। पड़ताल में उजागर हुआ है कि करीब 12 करोड़ रुपये के इस टेंडर में जमीनी स्तर पर केवल 2 करोड़ का ही काम किया गया, जबकि ठेकेदार को 12 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। लगभग 10.20 करोड़ के इस घोटाले में अब शुरुआत 2016 में हुई थी, जब सरकार ने अंजड़ के 2700 घरों में नल कनेक्शन देने के लिए 12 करोड़ 20 लाख रुपये मंजूर किए थे। इस काम का ठेका सोरठिया वेल्जी रत्ना एंड कंपनी को दिया गया था और 18 माह में कंपनी को काम पूरा करना था। काम समय पर पूरा न होने पर बिल की राशि से 10 प्रतिशत कटौती का भी प्रावधान था। इसके बाद भी ठेकेदार को बगैर कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र के ही पूरी रकम दे दी गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि सरकारी दस्तावेजों जैसे माप पुस्तिका और कैशबुक में न तो काम का सही विवरण दर्ज है और न ही अधिकारियों व ठेकेदार के हस्ताक्षर हैं। इसके बजाय कागजों में गलत एंट्री कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश की गई। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में नगर परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष मंजुला राकेश पाटीदार और पुष्पा परमार, तत्कालीन सीएमओ सुरेंद्र सिंह परमार, अमरदास सैनानी और मायाराम सोलंकी को मुख्य आरोपी बनाया है।

# 30 हजार छात्रों के परिणामों पर रोक बरकरार

### नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा: परीक्षा परिणाम घोषित करने की अनुमति से हाईकोर्ट का इंकार

**जागरण, जबलपुर।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा संबंधित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनस सराफ की युगलपीठ ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के जेएनएम प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने अनुमति देने से इंकार कर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अनसूटेबल कॉलेज के छात्रों को सूटेबल कॉलेज में स्थानांतरित नहीं किया गया है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद एमपी नर्सिंग काउंसिल को विस्तृत जानकारी पेश करने के निर्देश जारी किये हैं। लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से यह मामला दायर किया गया था। इसमें कहा गया था कि प्रदेश में संचालित अधिकांश नर्सिंग कॉलेज मापदंडों की पूर्ति किये



बिना सिर्फ कागजों में संचालित हो रहे हैं। अधिकांश नर्सिंग कॉलेज के भवन तक नहीं हैं। एक कमरे में संचालित कॉलेज में लैब, लाइब्रेरी से संचालित हो रहे हैं। निर्धारित मापदंड की पूर्ति नहीं करने वाले कॉलेज को मान्यता प्रदान की गयी है। हाईकोर्ट ने प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेजों की जांच सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआई ने सूटेबल, अनसूटेबल तथा आंशिक कमी वाले कॉलेज की सूची हाईकोर्ट में पेश की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अनसूटेबल कॉलेज के छात्रों को सूटेबल कॉलेज में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किये थे। याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान एमपी नर्सिंग काउंसिल की ओर से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के जेएनएम प्रथम वर्ष के लगभग 30 हजार छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने अनुमति प्रदान करने हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि छात्रों को सूटेबल कॉलेज में स्थानांतरित नहीं किया गया है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

# सौ फीसदी महिला आरक्षण मामले में जवाब तलब

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर के पद सौ फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित करने के मामले को गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जबाब पेश करने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में हो रही नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती में पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर रखने के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है । याचिकाकर्ता विनोद सनोदिया और एक अन्य उम्मीदवार द्वारा याचिका में 2 अप्रैल 2026 को जारी भर्ती विज्ञापन और विभाग के भर्ती नियम के किए गए संशोधनो को असंवैधानिक बताया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि विज्ञापन में नर्सिंग ऑफिसर के सभी 1,256 पद केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। यह मप्र सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान) नियम 1997 का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि पुरुष उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर करना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत प्राप्त समानता के मौलिक अधिकारों का हनन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार एक संस्थानों में, एक ही पाठ्यक्रम और परीक्षा के माध्यम से नर्सिंग की प्राप्त करते हैं। इसके बावजूद केवल लिंग के आधार पर उन्हें सार्वजनिक रोजगार से वंचित करना अतार्किक और भेदभावपूर्ण है ।

# केंद्रीय जेल की गौशाला में प्रधान आरक्षक ने किया सुसाइड





**जागरण, रीवा।** केंद्रीय जेल रीवा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामानंद पटेल ने जेल परिसर स्थित गौशाला में फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बिछिया पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए एसजीएमएच की मर्चुरी में भिजवाया। पुलिस को मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। मृतक के पुत्र वरुण पटेल ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस घटना की सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। फिलहाल अभी घटना की वजह का पता नहीं लगा है, सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। परिजनों की मानें तो रामनंद 15 से 20 दिनों से परेशान थे। परिजनों ने जेल अधिकारियों पर प्रताड़ना और काम के भारी दबाव का आरोप लगाया है। सहकर्मियों के अनुसार उनका ड्यूटी स्थल हाल ही में बदला गया था जो मानसिक तनाव का कारण हो सकता है। जेल अधीक्षक के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

- **बेटे का आरोप अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर पापा ने दे दी जान, जेब मे मिला सुसाइड नोट**

# बायपास का पुराना बीहर पुल 15 साल में टूटा, नया बीम का ही भार नहीं सह पाया

### निर्माणाधीन नये पुल के पिलर धंसा, बेसठीहे में आई दरार

### 4 लेन बायपास का निर्माण कर रही केसीसी कंपनी की सामने आई एक और मनमानी

### पुराने पुल की समस्या के कारण नये पुल के निर्माण की गुणवत्ता पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

दैनिक जागरण खास खबर





**जागरण, रीवा।** बायपास का पुराना बीहर पुल पिछले एक सप्ताह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुराना बीहर पुल तो 15साल बाद टूटा लेकिन नया कितने साल चलेगा कोई ठकाना ही नहीं है। निर्माणाधीन नया पुल का बेस ठीहा तो बीम का ही भार नहीं सह पाया और पिलर धंस गया। बेसठीहे में दरारें आ गई है। लेकिन निर्माण एजेंसी अपनी करतूतों पर परदा डालने में जुटी हुई है।

दरअसल बीहर नदी के पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होने की गंभीर समस्या में उलझे जिला प्रशासन एवं एमपीआरडीसी द्वारा नये निर्माणाधीन पुल की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माणाधीन नये पुल के पिलर के बेसठीहे में भी दरारें आ गई हैं लेकिन न तो पुराने पुल का निरीक्षण करने गये अधिकारियों को नये पिलरों की बेसठीहे की दरारें नजर आईं और न ही गुणवत्ता जांचने के लिए तैनात एजेंसी द्वारा ही कोई सवाल उठाया गया है। निर्माणाधीन नये पुल के कई पिलरों के बेसठीहे में दरारें दिखने लगी हैं। इन पिलरों में अब ढलाई का काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान समय में सभी का ध्यान केवल पुराने पुल की नई समस्या पर केन्द्रित है। बायपास निर्माण में प्रारंभ से ही केसीसी कंपनी द्वारा मनमानी की जा रही है। कांक्रीट के निर्माण में तराई तक नहीं की जा रही है। कांक्रीट में पानी की तराई नहीं करने के कारण ही दरारें आ रही हैं। एमपीआरडीसी के इंजीनियरों का कहना है कि लैब टेस्टिंग और मौके पर किये गये काम में अंतर होता है। एमपी आरडीसी के महाप्रबंधक अंशुल किरोड़िया ने कहा कि बिना पानी की तराई के कोई भी कांक्रीट का निर्माण मजबूत नहीं होता है। इन दरारों को हालाकि साधारण समस्या बताई जा रही है लेकिन इस मामले में सभी चुप्पी साधे हुए है। इन दरारों को छिपाने के लिए उसके ऊपर मिट्टी का मलबा फैला दिया गया है ताकि इस पर लोगों की नजर न पड़े।

गौरतलब है कि बायपास में बीहर नदी पर बना पुराना पुल अचानक क्षतिग्रस्त होने के कारण सुरक्षा कारणों से पुल पर वाहनों का आवागमन बंद होने से जिले में यातायात को लेकर भारी संकट उत्पन्न हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाकर वपैकल्पिक मार्ग से व्यवस्था बनाई गई है। बीहर नदी के पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसे पुराने स्वरूप लौटा कर यातायात बहाल करना एमपीआरडीसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। बीहर नदी पर बना पुराना पुल ऐसे समय में क्षतिग्रस्त हुआ है जब उसके बगल में नये पुल का निर्माण चल रहा है। पुल के गर्डर में दरार और पिलर कैप क्षतिग्रस्त हो गये हैं। केसीसी कंपनी द्वारा निर्माण में लगातार मनमानी की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस प्रशासन और एमपीआरडीसी द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पुल पर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात रोक दिया गया है।

### पुल क्षतिग्रस्त होने की तकनीकी जांच जरूरी

बायपास मार्ग में बीहर नदी पर डेढ़ दशक पहले बना पुल अचानक कैसे क्षतिग्रस्त हो गया है, इसकी विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी जांच किया जाना जरूरी है। केसीसी कंपनी और एमपीआरडीसी के अधिकारियों को काफी पहले ही इसकी जानकारी हो गई थी और जब इसका पता एमपीआरडीसी को चला तो उनके द्वारा विगत 31 मार्च को कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया। इससे साफ जाहिर होता है कि केसीसी कंपनी द्वारा इसे छिपाने का भरपूर प्रयास किया गया। इसके अलावा उसके स्वयं के भारी वाहन लगातार पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद भी निकलते रहे। इस पुल की लाइफ लगभग 80 साल थी तो 15 साल में ही यह कैसे क्षतिग्रस्त हो सकता है। यह विशेषज्ञ इंजीनियरों की जांच से ही पता लगाया जा सकता है।

## बारामती उपचुनाव में सुनेत्रा की जीत तय



### कांग्रेस उम्मीदवार ने भी वापस लिया नाम

**बारामती, जेएनएन।** महाराष्ट्र की राजनीतिक रूप से अहम बारामती विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अब बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। कांग्रेस ने इस सीट से उम्मीदवार आकाश विश्वनाथ मोरे का नाम वापस लेने का फैसला किया है।इसके साथ डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। बारामती के चुनावी रण से अब तक 23 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए हैं। कांग्रेस राज्य इकाई ने नामांकन वापस लेने के ऐलान कर दिया है। बारामती को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार यहां से लगातार ८ बार जीत दर्ज कर चुके थे। अजित पवार के निधन के बाद हो रहे उपचुनाव में क्षेत्र में सहानुभूति की लहर साफ देखी जा रही है। इसी भावनात्मक माहौल के बीच उनकी पत्नी और मौजूदा उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को प्रत्याशी बनाया गया। शुरुआत में सुनेत्रा पवार को निर्विरोध जिताने की अपील की जा रही थी, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार उतारे जाने से मुकाबला हाई-प्रोफाइल बन गया था।अब कांग्रेस के पीछे हटने से राजनीतिक स्थिति एक बार फिर पवार परिवार के पक्ष में जाती दिख रही है। बारामती के साथ-साथ राहुरी विधानसभा सीट पर 23 अप्रैल को मतदान होना था, जबकि मतगणना 4 मई 2026 को होनी थी. हालांकि अब सभी उम्मीदवारों के नाम वापस लेने से सुनेत्रा पवार की जीत तय मानी जा रही है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# युद्ध विराम : रणनीति में बदलाव का संकेत

*तमाम किंतु-परंतु के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा से दुनिया को उस युद्ध से राहत मिली है, जिसने संघर्षरत पक्षों के अलावा पूरी दुनिया के लोगों के जीवन यापन को गहरे तक प्रभावित किया। निस्संदेह इस युद्ध ने पश्चिम एशिया के रणनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के साथ ही वैश्विक कूटनीति पर असर डाला है। एक माह से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विनाशकारी हवाई हमलों, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी और सभ्यता के विनाश के खतरों के बाद अब एक अस्थायी विराम ने पूरी दुनिया को राहत दी है।*

*युद्ध भले ही अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच लड़ा जा रहा था, लेकिन इसने दुनिया के तमाम देशों, उसके नागरिकों, वैश्विक बाजारों और ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरे तक प्रभावित किया। उनके लिये अस्थायी युद्ध विराम होना निस्संदेह राहतकारी खबर है। इसके बावजूद हकीकत यह है कि इस नाजुक शांति के पीछे कई चिंताजनक सच्चाइयां छिपी हुई हैं। यह सर्वविदित है कि जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका-इस्राइल ने यह युद्ध शुरू किया था, वे कहीं से पूरे होते नजर नहीं आते। वह बात अलग है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लक्ष्य पूरे होने की दलील देते रहते हैं। वहीं ईरान भी युद्ध विराम को अपनी सफलता के रूप में दर्शा रहा है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व के प्रमाण और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को खत्म करने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान इसे अपनी एक रणनीतिक जीत बताता है। उसकी दलील है कि उसने दुनिया की सुपरपॉवर अमेरिका व आक्रामक इस्राइल की सेनाओं के हमलों का अकेले ही मुकाबला किया और वैश्विक तेल आपूर्ति पर अपने प्रभाव को प्रदर्शित किया है। ऐसे में कूटनीति के जानकार आशंका जता रहे हैं कि ये परस्पर विरोधी बयानबाजी स्थायी शांति की दिशा में एक कारगर कदम नहीं, बल्कि महज रणनीति में बदलाव का संकेत है।*

*मौजूदा परिदृश्य व लगातार संवेदनशील घटनाक्रमों के बीच कहना मुश्किल है कि यह युद्धविराम किसी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। कहा नहीं जा सकता कि युद्धविराम के बावजूद इस्राइल पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा। वह कह रहा है कि लेबनान पर उसके हमले जारी रहेंगे। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 'पल-पल, क्षण-क्षण' बदलती बयानबाजी और दूसरी ओर इस्राइल की आक्रामक रणनीति स्थायी शांति के मार्ग में संदेह के कांटे बोती नजर आती है। ईरान भी कह रहा है कि यदि उस पर इस्राइल के हमले जारी रहते हैं तो वह सीमाओं से परे संघर्ष का विस्तार करेगा, जो निश्चित ही चिंता की बात है। युद्ध विराम की खबरों के बीच इस्राइल का लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बनाना और हमले में नागरिकों के घायल होने की खबरों ने दुनिया की चिंता को बढ़ाया है। इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह बयान कि लेबनान में संघर्ष का मोर्चा सक्रिय रहेगा, युद्धविराम की सीमाओं को ही दर्शाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के समांतर संघर्षों को नजरअंदाज करने वाला यह युद्धविराम टिकाऊ होगा, इसमें संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस युद्ध के बाद पाकिस्तान के प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरने के बीच युद्धविराम की शर्तों की परस्पर विरोधी व्याख्याएं चिंता बढ़ाने वाली हैं।*

*आशंका जतायी जा रही है कि युद्ध विराम को लेकर स्पष्टता का अभाव, मामूली उल्लंघन भी समझौते को विफल कर सकते हैं। सही मायनों में देखा जाए तो यह युद्धविराम संघर्षरत पक्षों के इरादे की परीक्षा भी है। निस्संदेह, मौजूदा स्थिति वार्ताओं के लिये एक सीमित अवसर प्रदान करती है। यह भी स्पष्ट करती है कि उपलब्धियां कितनी जल्दी खोई जा सकती हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यदि इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ताएं दोनों के पक्षों के बीच जारी मतभेदों की खाई को पाटने में विफल रहती हैं तो जल्द ही क्षेत्र में युद्ध के बादल फिर से मंडरा सकते हैं।*

प्रसंगवश

# रेत के अवैध खनन पर रोक लगाना जरूरी

*मध्य भारत में स्थित राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य तीन राज्यों में फैले एक क्षेत्र में जलीय परिवेश (लोटिक इकोसिस्टम) की रक्षा करता है। इसका अस्तित्व गंभीर रूप से लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले कछुए और लुप्तप्राय गंगा नदी के डॉल्फिन के लिए महत्वपूर्ण है। ये तीनों प्रजातियां जीवित रहने के लिए रेत पर निर्भर करती हैं। खासकर नदी के रेतीले टीलों और रेतीले किनारों पर। फिर भी, संगठित अपराध और राज्य की निष्क्रियता उसी रेत को चुरा रही है। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय रेत खनन माफिया को 'आधुनिक डाकू' कहा है।*

*उत्तर भारत में निर्माण कार्य में आई तेजी के दौरान रेत की मांग को पूरा करने के लिए इस माफिया का उदय हुआ। अदालत एवं राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा इस गतिविधि पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद, वे तीन राज्यों – राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश – के बीच अधिकार क्षेत्र की उलझनों का फायदा उठाने में कामयाब रहे हैं। राज्य सरकारों ने भी माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर इस साजिश में एक तरह से सहयोग किया है। साल 2017 से 2024 के बीच, अवैध रूप से खनन की गई रेत से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों ने जहां वन रक्षकों और पुलिस अधिकारियों को कुचला, वहीं खननकर्ताओं ने छापेमारी के दौरान पुलिस पर गोलियां भी चलाईं। पुलिस के मुताबिक खननकर्ताओं ने मोबाइल ऐप एवं जीपीएस का उपयोग करके गश्ती वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों का भी इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। खबरों से पता चलता है कि 2023 से ग्वालियर–चंबल क्षेत्र में खनन गिरोह अर्ध–स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं और अक्सर स्थानीय वन विभाग के अमले पर भारी पड़ रहे हैं।*

*खून–खराबे को रोकने में विफल रहने से हताश होकर, मध्य प्रदेश और राजस्थान ने इस अभयारण्य के भीतर कुछ जिलों में रेत खनन को वैध बनाने की कोशिश की। मध्य प्रदेश ने दो जिलों में सीमित खनन के लिए प्रस्ताव पेश किए थे, लेकिन एनजीटी के विरोध के चलते उसकी योजनाएं रुक गईं और राज्य ने बाद में उन प्रस्तावों को वापस ले लिया। राजस्थान ने इसी साल मार्च में इसी किस्म का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। चंबल की घाटियों में पारंपरिक तरीके से खेती करना मुश्किल है। इसकी वजह से कई युवा अपनी आजीविका के लिए रेत खनन की ओर रुख करने को मजबूर हो जाते हैं। माफिया उन्हें अपने निजी सैनिकों के रूप में भर्ती करता है। नतीजतन, वन अधिकारियों को माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने पर 'जनता की नाराजगी' का सामना करना पड़ता है। अदालत ने राजस्थान के इस कदम का स्वतः संज्ञान लिया और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने पिछले हफ्ते राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम और राज्य–विशिष्ट गुंडा अधिनियम की 'याद' दिलाई। अदालत की निराशा स्वाभाविक है। लेकिन हरित प्रशासन के हालिया समस्याग्रस्त इतिहास, जहां इसने नियामक की भूमिका निभाई है, के मद्देनजर अदालत द्वारा नियामक को बदलने के बजाय उसे अनुशासित करना मुनासिब है। चंबल के हिंसक इतिहास से यह सबक मिलता है कि सिर्फ ताकत के जोर से उस अर्थव्यवस्था पर ढक्कन नहीं लगाया जा सकता जो शिकायतों पर पनपती है। व्यापक स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई से स्थानीय असंतोष और गहराएगा और उसी सामाजिक आवरण को मजबूत करेगा जो इन गिरोहों को टिकाए रखता है। स्थायी बदलाव सिर्फ वैध आजीविका को बहाल करने और विश्वसनीय एवं निष्पक्ष प्रवर्तन से ही आएगा।*



# प्रार्थना...



जहाँ माँग है... वहाँ प्रार्थना नहीं है... माँग स्वार्थ का झरोखा खोल देती है... स्वार्थ से कपट का कपाट खुलता है और परोपकार का पट बन्द हो जाता है...स्वार्थी मनुष्य न उपकार कर सकता है और न ही स्वयं का उद्धार...स्वार्थ में संकीर्णता है... जबकि प्रार्थना विराट की अनंत आराधना है... जिस में न कोई स्वार्थ है... न कोई माँग है...

प्रार्थना तो खुले उन्मुक्त आकाश सी होती है जिसका न कोई ओर है न कोई छोर... जिसका न कोई आर है न पार... प्रार्थना में कोई माँग नहीं.... यहाँ तक कि प्रार्थी तो भगवान से स्वयं भगवान को भी नहीं माँगता... वह तो एक बार खाली निर्मल मन से प्रार्थना के आनंद सागर में जो डूबा सो डूबा... फिर न तो वह तैरता है... न ही प्रार्थनाओं की जलधि से बाहर ही आना चाहता है... वह तो फिर क्षीर सागर की सीपी में बन्द मोती सा चमकदार हो जाता है... जिसकी सीपी भी परमात्मा है... और उस सीपी तथा सीपी में बंद आत्मा के मुक्ता... और उस मुक्ता मोती की चमक भी परमात्मा ही है... ऐसा भाव विभोर हो प्रार्थना करने वाली जीवात्मा... एक न एक दिन जड़कर सुशोभित जाती है श्री हरि विष्णु के वक्ष पर झूलती मुक्ता- मोतियन की माला में...

प्रार्थना शब्द नहीं मौन है... प्रार्थना में भव नहीं भाव है...प्रार्थना में मन का अर्पण है... प्रार्थना में प्रार्थी का समर्पण है... प्रार्थना में द्वैत नहीं अद्वैत है... प्रार्थना में भक्त और भगवान में अन्तर नहीं है... दोनों एक ही रूप हैं...

**आज फिर हमने, खुद से बात करी**
**आज फिर खुद की, खुद से बात करी**
**कौन वह शख्स है, चुपचाप सदा रहता है।**
**उसकी चुप्पी में है क्या बात, चुप से बात करी**
**आज वह फिर दिखा सुनसान जगह पे बैठा**
**फिर उदासी की बुलंदी पे झुक के बात करी...**

जिसे प्रार्थना करने की समझ आ गई... जिसे प्रार्थना करने का ढंग आ गया... जिसके अन्तर्मन में प्रार्थना के मौन भाव जाग गये... जिसका अतीत खो गया... जो भविष्य की चिन्ता से मुक्त गया... जिसका वर्तमान प्रार्थना उसके व्यक्तित्व से दूर कहीं तिरोहित हो गया... उसकी तो वहीं उसी पल से प्रार्थना शुरू हो गई... फिर भला उसे मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे गिरजा जाने की कहाँ जरूरत... कहाँ चिन्ता... फिर तो यह सारा जगत उसके लिए मंदिर-मस्जिद-गिरजे-गुरुद्वारे सा पावन है... उसने फिर जहाँ सिर झुका दिया वहीं काबा है... जहाँ दण्डवत प्रणाम कर लिया वहीं बद्री-विशाल आ खड़े हुए...भला ऐसे निष्कपट... निष्काम... निरंतरता के साथ प्रार्थी के लिए तो हर गली ... हर कूचा... हर राह... उसी परमात्मा की ही राह है... दुनिया की राह में आने वाली हर चट्टान भी फिर उसके लिये परमात्मा के मंदिर का द्वार खोल देती है... ऐसे किसी मौन भावमय... भावुक... शब्द हीन... संज्ञाहीन... प्रार्थना करने वाले भक्त के लिए... ऐसा ही एक प्रार्थनाकार हुआ था इस दुनिया में कभी... जो कहता था...

**राम की चिड़िया, राम का खेत।**
**खाओ रे चिड़ियों, भर-भर पेट ।।**

इतना मतवाला था वह राम का प्यारा अपनी राम धुन में कि...जब मुल्लों-मौलवीयों ने उससे कहा... अरे काफिर... बे-अक्ल... बे-हया...बेशर्म... तुझे इल्म भी है... क्या तुझे खबर है... क्या तू जानता भी है की तू मुकद्दस 'काबे' की ओर पांव करके लेटा है... यह कुफ्र है... यह पाप है..हटा अपने पांव... और तब वह मतवाला निष्काम... निःशब्द प्रार्थी... अपनी प्रार्थनाओं में डूबा हुआ वह महामानव वह गुरु... बोल उठा था... भाई तनिक कृपा कर मेरे पाँव उस दिशा में मोड़ दो... जहाँ काबा न हो... जहाँ खुदा न हो... मैं अनजान... अज्ञानी क्या जानूँ काबा... क्या जानूँ काशी... और तब...दुनिया ने तमाशा देखा... जहाँ-जहाँ गुरु नानक देव जी के पाँव घूमते... वहाँ-वहाँ काबा घूमता जाता... यह तो कुछ ऐसी ही बात थी...

**साक़ी शराब पीने दे मस्जिद में बैठकर**
**या ऐसी जगह बता दे जहाँ खुदा न हो।**

जिसे प्रार्थना आ गई... उसने तो जब स्मरण कर लिया... उसके मन मंदिर के बन्द कपाट खुल गये... उसके हृदय के मंदिर में देव प्रार्थना के लिए लगे आत्म घंट की ध्वनि गूँज उठी उसके कानों में... धूप-आगर से सुवासित उठीं उसकी सांसें और उसके अंतर्मन में नाचने लगे रास-बिहारी राधिका के संग... प्रार्थी की प्रार्थना में तो यही भाव उठते हैं कि...




**तेरे कूचे में रहकर, मुझ को मर मिटना गंवारा है,**
**मगर दौरों-हरम की खाक अब छानी नहीं जाती।**

अब मंदिर-मस्जिद-गिरजे गुरुद्वारे की क्या खाक छानूं... हर दर तेरा दर है... हर शब्द तेरी प्रार्थना है... हर भाव में तेरी ही तो मूरत है... चाहे रहूँ... चाहे जाऊँ... चाहे जिऊँ... चाहे मरूँ... पर जब तू मेरे अन्दर है... जब तू मेरा है और मैं तेरा हूँ... तब अब काहे को भटकूँ सुबह-शाम...किन्तु अज्ञानियों के लिये... आज के इस युग में... शिवालयों में... देवालयों में... मस्जिद और गिरजों में... प्रार्थना का मतलब माँग और सिर्फ माँग है... ज़मीन पर रहने वाले दो हाथ दो पैर वाले आदमी के लिए अब प्रार्थना... उस विराट अनंत परमात्मा से अपनी जरूरतों को पूरी करने की खुदग़र्ज कोशिश है... एक आम आदमी के लिए प्रार्थना का शायद कुछ ऐसा ही मतलब है कि... अल्लाह मेरी लाड़ो का निकाह पढ़वा दे... भगवान हमारी बिटिया की सगाई करवा दो... वाहे गुरू मेरे रुके सब काम बनवा दे... मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यही प्रार्थना का मतलब होता है... ? नहीं... कदापि नहीं...

प्रार्थना करने वाले को तो वट वृक्ष सा परोपकारी होना चाहिए जो अपने लिए कुछ न रक्खे... बस बाँटता ही जाये... बाँटता ही जाये... जब तक जिये तब तक सबको बसेरा बाँटे... सुख-छाया बाँटे... और जब मर जाये तब भी अपना पार्थिव ... अपनी प्रार्थनाएँ और निष्काम प्रार्थनाओं से उपजी पुण्यायी बाँटे सभी को... तभी तो भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं... वृक्षों में मै 'अश्वत्थ'... अर्थात पीपल का वृक्ष हूँ... महाभारत के अनुशासन पर्व में भी भगवान श्री विष्णु के जो सहस्त्रनाम बतलाये गये हैं... श्री नारायण के उन एक हजार नामों में 'वृक्षाय नमः' कह कर परमात्मा के श्री हरि-विष्णु के सर्व परोपकारी रूप को नमन किया गया है... प्रार्थना के इन मौन चिंतन के पलों में... अपने निज विचारों के इन एकांत पलों में... मैं अपनी बात वृक्ष की प्रार्थना के स्वरूप से ही पूरी करता हूँ... इस आशा और विश्वास के साथ कि... हम सबके हृदयों को... जीवन की अंतिम सांस से पहले... प्रभु की प्रार्थना के कुछ परोपकारी निष्काम पल अवश्य मिल जायें..

काटने से पहले लकड़हारे ने पूछा
अंतिम इच्छा क्या है... ?
बूढ़े बरगद ने कहा
जीवन भर मैंने किसी से कुछ नहीं माँगा
आज बर्बर होते इस समय में
मरने से पहले क्या माँगू ?
लेकिन...
अगर सम्भव हो तो, मुझे गिरने से बचा लेना
आस-पास बनी झोपड़ियों पर से
भले ही श्मशान में, किसी की चिता पर सजा देना
मेरी लकड़ियों को...
परन्तु किसी स्वार्थी के
स्वार्थ भरी प्रार्थनाओं के
हवनकुंड की आग से बचा लेना मुझे...
बचा लेना मेरी टहनियों को
किसी अनर्गल कर्मकाण्ड से...
ज़रूर बचा लेना
मेरी शाख पर बने, बया के उस घोंसले को...
कुछ युगल प्रेमियों ने खींच दी हैं
मेरे खुरदुरे तन पर
कुछ आड़ी-तिरछी रेखायें
जिन में छुपी हैं मन की कोमल भावनायें...
बड़ी उम्मीद से लिपटी हैं
मेरी बाहों पर कुछ कोमल लतायें
हो सके तो बचा लेना, उनकी इस उम्मीद को...
प्रेम की इस भाषा के अनगढ़ शिल्प को
मैने अब तक, बचाए रक्खा है इन्हें
प्रचंड हवाओं से, बारिश और तपिश से
इनसे है मेरा नैसर्गिक नाता...
लेकिन मैं डरता हूँ
तुम आदमी हो...! कर दोगे एक साथ
कई-कई हत्याएं, कई-कई हिंसाएं
और पता भी नहीं होगा तुम्हें
तुम तो काट रहे होगे सिर्फ एक बूढ़ा पेड़
हो सके तो फूंक देना मुझे, पर बचा लेना
मेरी परोपकार भरी मानवता की सेवा को...

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

ट्रांसजेंडर कानून

लंबी प्रतीक्षा के बाद तीसरी प्रकृति के लिए खुली खिड़की को अचानक बंद कर दिया गया

# संशोधन से मर गयी ट्रांसजेंडर कानून की आत्मा

योगेन्द्र यादव

चलिए, ट्रांसजेंडर कानून में हुए संशोधन की बात 'कामसूत्र' से शुरू करते हैं. संस्कृत साहित्य के इस कालजयी ग्रंथ में स्त्री और पुरुष के अतिरिक्त एक तृतीया प्रकृति का जिक्र किया गया है. वात्स्यायन के अनुसार, यह मामला 'प्रकृति', यानी स्वभाव या मनोवृत्ति का है, शरीर की लैंगिक बनावट का नहीं. इस तीसरी श्रेणी में वे लोग आते हैं जिनका शरीर तो पुरुष जैसा है, पर मन और हाव–भाव या तो स्त्रीरूपिणी है, या कम से कम वह नहीं है जिसे समाज पुरुष के रूप में पहचानता है. या वह जो जन्म से लड़की मानी गयी, पर जिनका आचार–व्यवहार स्त्री के लिए बनाये खांचे में फिट नहीं बैठता. वात्स्यायन इस तीसरी प्रकृति को किसी विकार की तरह देखने की बजाय, बस एक अन्य श्रेणी की तरह दर्ज करते हैं. ट्रांसजेंडर शब्द भले ही नया हो, पर पश्चिमी संस्कृति से संपर्क से सैकड़ों वर्ष पहले हमारे यहां इस बात की कमोबेश सहज स्वीकारोक्ति थी कि कुछ लोग तन से और कुछ लोग मन से पुरुष बनाम स्त्री के दो डब्बों में कैद नहीं हो सकते. हमारी भाषाओं और परंपराओं में अनगिनत कथाएं और मिसाल यह साबित करते हैं कि लैंगिक विविधता का विचार हमारे यहां कहीं बाहर से नहीं आया. दरअसल, औपनिवेशिक संस्कृति के वर्चस्व के चलते हमने इस लैंगिक विविधता के प्रति शर्म महसूस करनी शुरू की और अंग्रेजों की नकल करते हुए ऐसे सामाजिक आदर्श बनाये, जिनमें तीसरी प्रकृति के लिए जगह नहीं थी. यही नहीं, ब्रिटेन की तरह हमारे यहां भी ऐसे कानून बनाये गये, जो स्त्री–पुरुष के एकरूपी संबंध से हटकर हर संबंध और हर आचार–व्यवहार को गैरकानूनी बना देता था.




सामाजिक बंदिशों और कानूनी बेड़ियों की इस मिलावट ने न जाने कितने खूबसूरत रिश्तों को पाप में बदल दिया, न जाने कितने अरमानों का गला घोंट दिया. सुप्रीम कोर्ट ने 2014 के एक निर्णय से इस ऐतिहासिक अन्याय पर रोक लगायी. 'राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (नालसा) बनाम भारत सरकार' नामक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीसरी प्रकृति को कानूनी मान्यता दे दी. इसमें केवल उभयलिंगी (जिनके शरीर में नर और मादा दोनों के लक्षण हों) और हिजड़ा, किन्नर, अरावनी, जोगता ही शामिल नहीं थे, बल्कि वे सब, जो इसमें शामिल होना चाहें. जो अपने आपको न पुरुष समझते हैं, न स्त्री. न्यायालय ने सरकार को हिदायत दी कि वह इस तीसरी प्रकृति को मान्यता दे, इनके विरुद्ध होने वाले भेदभाव पर पाबंदी लगाये और इस वर्ग की बेहतरी के लिए भी इंतजाम करे. अंततः, पांच वर्ष बाद संसद ने इस आशय का कानून बनाया. ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने उस परिभाषा को स्वीकार किया जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही निरूपित कर चुका था. मतलब, हर व्यक्ति अपनी लैंगिक प्रकृति का चुनाव स्वयं कर सकता है. आप सोचेंगे, 'देर आयद दुरुस्त आयद.'

कौन अपने आपको पुरुष माने, कौन स्त्री माने और कौन इन दोनों से हटकर– इसमें किसी का क्या जाता है? वैसे भी, इस कानून के तहत अभी बहुत कुछ हुआ भी नहीं है. विशेषज्ञों के अनुसार, देश में पचास लाख से एक करोड़ के बीच ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं (उनमें से 2011 की जनगणना में कोई पांच लाख व्यक्तियों ने अपने आपको अन्य में दर्ज करवाया था), मगर अभी तक केवल 32 हजार को ही औपचारिक पहचान पत्र दिये गये हैं. पर पिछले सप्ताह संसद ने इस कानून में संशोधन कर दिया. इस कानून की आत्मा थी ट्रांसजेंडर की परिभाषा, यानी अपनी लैंगिक पहचान स्वयं चुनने की स्वतंत्रता. संशोधन के माध्यम से इसी मूल प्रावधान को हटा दिया गया है.

अब वही लोग ट्रांसजेंडर हो सकेंगे, जो शारीरिक रूप से उभयलिंगी हों, या जो हिजड़ा, किन्नर, अरावनी, जोगता हों. बाकी किसी को ट्रांसजेंडर होने के लिए मेडिकल आधार देना होगा, डॉक्टर के पैनल और प्रशासन से अनुमति लेनी होगी. यदि कोई लिंग परिवर्तन की सर्जरी करवाता है, तो उसकी सूचना प्रशासन को देनी होगी. यही नहीं, ट्रांसजेंडर के विरुद्ध होने वाले अपराधों की सूची में अब ऐसे प्रावधान जोड़ दिये गये हैं जिनका इस्तेमाल इसी समुदाय और इसके मित्रों के विरुद्ध किया जा सकता है. एक बार फिर ट्रांसजेंडर समुदाय के जीवन को आपराधिकता के कटघरे में खड़ा कर दिया गया है. और वह भी बिना किसी चर्चा के. इतनी लंबी प्रतीक्षा के बाद तीसरी प्रकृति के लिए खुली इस खिड़की को अचानक बंद कर दिया गया है.

मगर ऐसा क्यों? सरकारी बहाना यह है कि ऐसा इस कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए किया गया है. मगर कोई यह नहीं बता पा रहा कि जिस कानून का उपयोग ही नहीं हुआ, उसके दुरुपयोग का खतरा कहां से आ गया? अगर दुरुपयोग का खतरा है, तो कोई ट्रांसजेंडर व्यक्ति या समुदाय ने शिकायत क्यों नहीं की? अगर यह उनके हित में है, तो देशभर के ट्रांसजेंडर समूह एक स्वर में इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं कि खतरा बाहर नहीं भीतर से है? कहीं तीसरी प्रकृति का होना मर्द के भीतर छिपी औरत और औरत के भीतर बसे मर्द की याद तो नहीं दिलाता? कहीं यह अहसास कुर्सी पर बैठे लोगों को असहज तो नहीं कर देता? कितनी बेचारी और घबरायी होगी वह मर्दानगी, जिसे किसी और को मर्द बनाने के लिए कानूनी डंडे का सहारा लेना पड़ रहा है?

जीवन दर्शन

# हम एक-दूसरे से जुड़े भी हैं और अकेले भी

हर मनुष्य अपने आप में अलग होता है, जैसे एक विशाल समंदर में कई छोटे–छोटे द्वीप होते हैं। हम सब अलग जरूर हैं, पर हमारे बीच कुछ ऐसी बातें होती हैं, जो हमें एक–दूसरे से जोड़ती हैं। हम साथ रहते हैं, एक–दूसरे के करीब होते हैं, एक–दूसरे के जीवन में दखल देते हैं, प्रभाव डालते हैं और प्रतिक्रियाएं भी देते हैं, फिर भी हर क्षण, हर परिस्थिति में हम अक्सर खुद को अकेला ही पाते हैं। यह अकेलापन कोई संयोग नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का मूल स्वभाव है। जब दो करीबी मृत्यु की ओर बढ़ते हैं, तब वे एक–दूसरे का हाथ थाम सकते हैं, पर अंतिम क्षणों की पीड़ा केवल उनकी अपनी ही होती है। कोई दूसरा उनके उस अनुभव को महसूस नहीं कर सकता है।

प्रेमी भी जब एक–दूसरे को गले लगाते हैं, तो वे अपनी–अपनी सीमित खुशियों और अनुभूतियों को एक करने की पूरी कोशिश करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका आनंद एक हो जाए, उनका अस्तित्व एक हो जाए, लेकिन यह प्रयास अंततः असफल ही रहता है। इसकी वजह यह है कि हर आत्मा अपनी ही अनुभूति के घेरे में बंधी होती है। कोई भी चेतन आत्मा, चाहे वह कितनी ही संवेदनशील क्यों न हो, अपने सुख और दुख को अंततः अकेले ही जीती है। हमारी



संवेदनाएं, भावनाएं, गहरी समझ, और कल्पनाएं, ये सब हमारे भीतर की निजी दुनिया का हिस्सा हैं। हम उन्हें शब्दों में ढालकर दूसरों तक पहुंचाने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन शब्द केवल प्रतीक होते हैं, वे अनुभव को पूरी तरह से जाहिर नहीं कर पाते। दरअसल, हम अपने अनुभवों के बारे में जानकारी साझा तो कर सकते हैं, पर उस अनुभव की गहराई, उसकी सच्ची अनुभूति, कभी भी पूरी तरह किसी और तक नहीं पहुंचती है।

जब हम किसी और के दर्द या खुशी को समझने की कोशिश करते हैं, खुद को उसकी जगह रखकर सोचते हैं, तो भले ही हम उसे पूरी तरह न समझ पाएं, फिर भी यही कोशिश हमें इन्सान बनाती है। हालांकि, कुछ स्थितियां ऐसी भी होती हैं, जहां समझ और संवाद लगभग असंभव हो जाता है। कुछ लोगों का मानसिक संसार इतना भिन्न होता है कि वह सामान्य अनुभवों से परे चला जाता है।

हर इन्सान के मन की अपनी एक अलग दुनिया होती है, खासकर जो लोग बहुत प्रतिभाशाली होते हैं, उनकी सोच और अनुभव आम लोगों से काफी अलग हो सकते हैं। इसलिए कई बार वे एक–दूसरे को पूरी तरह समझ नहीं पाते। फिर भी, यही जिंदगी की सच्चाई है कि हम एक–दूसरे से जुड़े भी हैं और कहीं न कहीं अकेले भी। लेकिन यही एहसास हमें सोचने, महसूस करने और खुद को समझने की ताकत और दिशा, दोनों देता है। जीवन का सबसे गहरा सत्य यह है कि हम भीतर से अकेले हैं, पर यही अकेलापन हमारी सबसे बड़ी शक्ति भी है। अपने अनुभवों, भावनाओं व विचारों को समझना आत्मबोध की पहली सीढ़ी है। दूसरों को पूरी तरह समझ पाना संभव नहीं, फिर भी सहानुभूति और करुणा हमें आपस में जोड़ती है। खुद को जानना ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**एल्डस हक्सले**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**न चोरहार्यं न राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि!**
**व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् !!**

**भावार्थ**

इसे न ही कोई चोर चुरा सकता है, न ही राजा छीन सकता है, न ही इसको संभालना मुश्किल है और न ही इसका भाइयो में बंटवारा होता है। यह खर्च करने से बढ़ने वाला धन हमारी विद्या है जो सभी धनो से श्रेष्ठ है।

## सरकारी नियमों से अभिभावक बेबस, बच्चों का नहीं हो रहा एडमिशन

# प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को सांदीपनि में नहीं मिलेगा प्रवेश

### भोपाल से आए आदेश, स्कूलों में चस्पा

जागरण, रीवा

भोपाल से आया एक आदेश इन दिनों बच्चों और अभिभावकों के लिए मुसीबत बन गया है। इसके तहत सांदीपनि स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को प्रवेश के लिए मनाही है। ऐसा होने से आए दिन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच तकरार हो रही है। शिक्षक दबी जुबान से बोल रहे हैं कि आदेश गलत है लेकिन वे चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि सरकारी फरमान न मानने से उनके सामने कई समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। बताया जाता है कि शहर में सांदीपनि स्कूलों की संख्या बढ़ा दी गई। पहले इनका नाम सीएम राइज स्कूल था और बाद में नाम बदलकर सांदीपनि स्कूल कर दिया गया। इन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से होती है। अब एक आदेश दिया गया है जिसके कारण विवाद हो रहा है। इस आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि केवल सरकारी स्कूलों के बच्चों को ही सांदीपनि में प्रवेश दिया जाए। इसका सीधा मतलब है कि यदि प्राइवेट स्कूल में पढ़ा कोई बच्चा सांदीपनि स्कूल में प्रवेश चाहेगा तो उसे साफ मना कर दिया जाएगा। इस सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी को भेजे आदेश में प्रमोद सिंह संचालक लोक शिक्षण मप्र ने कहा है कि नवीन भवन में संचालित सांदीपनि विद्यालयों में निकटस्थ शास्स्कीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों से प्रवेश कराए गए थे।



### रिक्त सीटों पर सरकारी स्कूल के छात्रों को दें प्रवेश

आदेश में कहा गया है कि पूर्व में जारी मॉडलवार नामांकन सीमा को निर्मित भवन के कक्षों की क्षमता के आधार पर पुनरीक्षित किया गया है। विद्यालयवार रिक्तियों को संख्या के आधार पर शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों से प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए एवं एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन की प्रविष्टि सुनिश्चित करें। रिक्त सीटों पर शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। किसी मामले में बेहद आवश्यक है तो भी इसकी सूचना जिला स्तर के साथ भोपाल को दी जाए, उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाए।

**प्रबंधन भी परेशान, बच्चों का क्या दोष :** इस मामले में स्कूलों का प्रबंधन भी परेशान हो चुका है। रोजाना अभिभावक बच्चों के साथ स्कूल पहुंच रहे हैं और प्रवेश की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई कुछ नहीं कर पा रहा है। आसपास स्कूल न होना या फिर किन्हीं अन्य वजहों से अभिभाषक पहले बच्चों को 5वीं वा 8वीं कक्षा तक प्राइवेट में पढ़ाई करवा देते हैं और बाद में सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाते हैं। ऐसे अभिभावकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## ज्ञानोदय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन कक्षाओं में अनुसूचित जाति और अन्य बीपीएल कार्डधारी, सामान्य, पिछड़ा एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र प्राप्त करने और उन्हें जमा करने का कार्य 20 जून तक कर सकते हैं। कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 जून को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा, जिसमें प्राप्त अंकों की मेरिट लिस्ट के आधार पर चयन होगा। वहीं कक्षा 11वीं के विभिन्न संकायों जैसे गणित, जीव विज्ञान और वाणिज्य में प्रवेश के लिए कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर पृथक-पृथक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। प्रवेश के लिए अनिवार्य शर्त यह है कि छात्र या छात्रा ने पिछली कक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बिना किसी गैप के बी ग्रेड अथवा प्रथम श्रेणी में (60 प्रतिशत से ऊपर अंकों) के साथ उत्तीर्ण की हो।

## उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रगणक बनाने का विरोध

**रीवा।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने जनगणना 2027 हेतु उच्च माध्यमिक शिक्षकों की प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाये जाने का कड़ा विरोध करते हुए पद अनुरूप ड्यूटी लगाये जाने की मांग की है। जनगणना 2027 की तैयारियों के बीच जिले में उच्च माध्यमिक शिक्षकों (व्याख्याता के समतुल्य) की प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाए जाने पर विवाद गहरा गया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष डॉ. सुनील तिवारी ने उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रगणक की ड्यूटी से मुक्त कर पद अनुरूप ड्यूटी लगाये जाने की मांग की है। डॉ सुनील तिवारी ने कहा है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक का पद व्याख्याता के समतुल्य द्वितीय श्रेणी राजपत्रित श्रेणी का है। किंतु नगर निगम एवं प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 हेतु प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। जो नियम विरुद्ध एवं राजपत्रित अधिकारियों के पद एवं गरिमा के प्रतिकूल है। बताया कि नियमानुसार प्रगणक के कार्य के लिए प्राथमिक शिक्षकों, पटवारियों,लिपिकों, मुहर्रिर, ग्राम सेवक, महिला पर्यवेक्षक आदि कर्मचारियों की ड्यूटी प्रगणक के रूप में लगाई जानी चाहिए। जिले में हजारों प्राथमिक शिक्षक, पटवारी, मुहर्रिर आदि हैं , किंतु उन्हें छोड़कर प्रशासन ने उच्च माध्यमिक शिक्षकों की प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगाई है। जो नियम विरुद्ध तथा पद की गरिमा के विपरीत है। यहां तक की उच्च माध्यमिक शिक्षकों का ग्रेड पे तहसीलदार के समकक्ष या ऊपर होता है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संभागीय संयोजक डॉ सुनील तिवारी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे नियमों के विपरीत तथा पद की गरिमा के प्रतिकूल बताया है।

## 20 कंपनियां युवाओं को देंगी रोजगार

**जागरण,रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा में 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## नवाचार के माध्यम से उद्यम स्थापित करने के बताए गुर




**रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत साप्ताहिक प्रशिक्षण गतिविधियों के अनुक्रम में उद्भव टीआरएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय के छात्रों हेतु अप्रैल माह में द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा अपने व्याख्यान में बताया कि वर्तमान समय में तकनीक की क्या अहमियत है और इसके प्रयोग से विकास को कैसे गति दी जा सकती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ अंकुल पांडे, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा बताया गया कि नवाचार के माध्यम से नए उत्पाद जो उपभोक्ताओं की आवश्यकता की पूर्ति करें, उन्हें निर्मित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के समय में उद्यम को अलग कैसे दिखाया जा सकता है तथा नई तकनीक उद्योग धंधों को तेजी से ऊपर उठाने में मदद कैसे कर सकती है। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. आर के दुबे, डॉ. मनीष कुमार शुक्ला, डॉ अभिनव कुमार तिवारी, डॉक्टर स्वाति सिंह चौहान व महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों की पूर्ण सहभागिता रही। डॉ अंकुल ने छात्रों के प्रश्नों का जवाब देकर उन्हें पूर्ण संतुष्ट किया, इसके पश्चात इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

**न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0080/बी-121/मूल/ 2025-2026

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा ( म.प्र. )
आवेदक

बनाम

1. रजनीश पटेल पिता ललिता प्रसाद पटेल
2. श्रीमती कुसुमकली पटेल पति ललिता प्रसाद पटेल
3. ललिता प्रसाद पटेल पिता वीरभान पटेल

सभी निवासी ग्राम पोस्ट कलवारी रीवा एवं अन्य पता खसरा नं. 201/13/1 वार्ड कालोनी-3 समान बस्ती मार्ग के अन्दर बाहर का पार्ट वार्ड नं. 15 शिव प्रसाद कालोनी रकवा 1280 वर्गफुट तहसील हुजूर जिला रीवा ( म.प्र. )...... अनावेदक गण

प्रकरण दिनांक 24.03.2026 को नियत है। उक्त प्रकरण में अनावेदक गण पक्षकार है। अनावेदक गण को सूचना दी जाती है कि प्रकरण में अगली तारीख पेशी दिनांक 08.05.2026 नियत है। नियत दिनांक को अनावेदक गण समय 3.00 बजे दिन स्वंय या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि जो जवाव प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यवाही करने में सक्षम हो, कलेक्टर महोदय के न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत करे। आपको निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक को आवश्यक लोक दस्तावेज जो अपने पक्ष समर्थन के लिये आवश्यक हो प्रस्तुत करे यदि नियत दिनांक को उपस्थित नही होने पर गैर हाजिरी की दशा में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निर्णय किया जावेगा।

( कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित )

प्रभारी अधिकारी,
न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा ( म.प्र. )
रीवा दिनांक - 07/04/2026

## 5वीं और 8वीं में री-टोटलिंग के आवेदन 15 तक

**रीवा।** 5वीं और 8वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों को संतोषजनक नहीं मानने वाले छात्र-छात्राओं के लिए री-टोटलिंग के आवेदन 15 अप्रैल तक लिए जाएंगे। स्कूल स्तर पर त्रुटियों को सुधारा जाएगा और 20 अप्रैल तक पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा पोर्टल के माध्यम से प्रगति पत्रक का अवलोकन कर सकते हैं। यदि प्रगति पत्रक में छात्र प्रोफाइल, विषय चयन, माध्यम या विषयवार प्राप्तांकों में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो छात्र या अभिभावक 15 दिनों के भीतर संबंधित स्कूल के प्राचार्य को आवेदन दे सकते हैं। स्कूल स्तर पर प्रोफाइल संबंधी त्रुटियों में सुधार किया जाएगा, जबकि विषय और माध्यम से जुड़ी त्रुटियों का निराकरण बीआरसीसी और मूल्यांकन केंद्र स्तर पर किया जाएगा। सभी संशोधन 20 अप्रैल तक पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सात दिवसीय शिविर का समापन

**रीवा।** शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना का रामकृष्ण आश्रम में समापन किया गया। इस सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गोड़हर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में किया गया। उद्घाटन अवसर पर विद्यार्थियों को शिविर के उद्देश्यों, अनुशासन एवं सामाजिक सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की गईं। समापन अवसर पर स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके अनुभव साझा कराए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए समाज सेवा में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## गीतांजलि पब्लिक स्कूल ने मनाया 16वाँ स्थापना दिवस




**रीवा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल ने अपना 16वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस रंगारंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ से पधारे पुष्पेन्द्र गोयल,रजनी गोयल एवं विषिश्ट अतिथि रामकुमार प्रधान रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरास्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत गीत के साथ किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। गौरतलब है कि गीतांजली विद्यालय द्वारा मेधावी छात्रों के उन्नयन एवं प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु 'सूर्या स्कालरशिप' प्रदान की जा रही है। शिक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में भी गीतांजलि विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्चतम स्थान प्राप्त किया है। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीस एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रजनी गोयल ने कहा कि गीतांजलि विद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभावान एवं अनुशासित हैं। स्कूल संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लगन, मेहनत व अनुशासन के बल पर दुनिया के सबसे कठिन लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उच्चतम शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार एवं दृढ़ता के साथ जीवन जीने का संकल्प दिलाया। स्कूल संस्थापिका अरुणा प्रधान ने कहा कि जिनदगी संघर्षपूर्ण है, उससे डंटकर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय संचालक वरुण प्रधान एवं रितिका प्रधान ने उपस्थित मुख्य अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए किया प्रेरित




**रीवा।** शा. आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत रौरा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना रहा। समाज सेवा के विविध कार्यों के माध्यम से यह शिविर इस बात का सशक्त परिचायक बना कि जब विद्यार्थी संस्थागत वातावरण से निकलकर समाज के बीच पहुंचता है, तो वह अपनी शिक्षा एवं ज्ञान के माध्यम से समाज में नवाचार और जागरुकता का प्रसार करता है। आदर्श दिनचर्या, अनुशासन एवं समर्पण के साथ संचालित इस शिविर ने यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प, अटल लक्ष्य और प्रबल आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाला विद्यार्थी किसी भी बाधा को पार कर सकता है। सात दिनों तक ग्राम में निवास करते हुए विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान, जनजागरुकता रैली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया।

**जनसम्पर्क में गाँव की समस्याओं का हल :** जनसंपर्क अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने वयस्क शिक्षा एवं युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया कि लगभग प्रत्येक दो घरों में 2 से 3 पुरुष एवं महिलाएं किसी न किसी प्रकार के नशे का सेवन कर रहे हैं, जो सामाजिक दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों की समस्याओं को समझते हुए सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।
**नई दिल्ली परेड का अनुभव किया साझा :** 'सितारों की शाम' कार्यक्रम के अंतर्गत गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली से लौटे विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए परेड के अनुशासन, समर्पण एवं देशभक्ति की भावना से परिचित कराया तथा विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया।

**यूको बैंक UCO BANK**
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 का 2002) के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित (नियम 3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **06-12-2025** को निम्न वर्णित ऋणी एवं सहऋणी को डिमांड नोटिस जारी किया एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

ऋणी एवं सहऋणी ने ऋण अदा करने में चूक की है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि यूकों बैंक ने अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 एवं उपधारा (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **07.04.2026** को ले लिया है।

ऋणी एवं सहऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियोंके साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी** के अधीन होगा। ऋणी एवं सहऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| **ऋणी: श्रीमती सरोज कामदार पत्नी श्री अर्जुन दास कामदार सहऋणी: श्री चन्द्रशेखर कामदार पुत्र श्री अर्जुन दास कामदार** | रिहायशी मकान, खसरा नंबर 241/18/ मिन-3 पीएचएन 71, आरआईसी सीधी गिर्द-1 तहसील गोपदबनास जिला-सीधी, क्षेत्रफल 2700 वर्गफुट। संपत्ति मालिक-श्रीमती सरोज कामदार चर्तुसीमाएँ: पूर्व- रामानुज गुप्ता की भूमि, पश्चिम- प्रस्तावित सड़क, उत्तर- चतुर्वेदी का घर, दक्षिण- पीसीसी रोड | ₹ 14,40,264.43/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

स्थान-सीधी, दिनांक 07.04.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

### अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-22, वन-डे )फाइनल मैच

## सतना को 4 विकेट से पराजित कर सीधी बना विजेता



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने निदेशानुसार रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व मे खेली जा रही अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-22, वन-डे) का फाइनल मैच मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान मे सतना एवं सीधी के बीच खेला गया जिसमे सीधी ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर विजेता बनी। आरडीसीए के सह सचिव अनुराग सेठी ने बताया कि फाइनल मैच में टास सीधी की टीम ने जीता व पहले सतना को बल्लेबाजी करने का अवसर दिया परंतु सतना की पूरी टीम 33 वें ओवर में मात्र 133 रनों के स्कोर पर सिमट गयी। सतना की ओर से स्वप्निल सिंह ने सार्वधिक 36 रन बनाये जबकि हर्षित यादव ने 29 रन बनाये। सीधी के मध्यम तेज गेंदबाज रवि तिवारी ने बेहतरीन गेंदबाजी की तथा 20 रन देकर सतना के 5 विकेट लेते हुये उनकी पारी के पतन में प्रमुख भूमिका निभाई। अगम्य सिंह ने भी 3 विकेट लिया। जीत के लिये मिले 134 रनों के सामान्य लक्ष्य को पाने के लिये सीधी को भी थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। 6 विकेट गिर गये परंतु उन्होंने 21 वें ओवर में 6 विकेट खोकर 5 विकेटों से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। सतना की ओर से अंशुमान द्विवेदी ने 33 रन, आर्यन तिवारी ने 29 रन एवं कृष्णा वर्मा ने 23 रन बनाये । सतना की ओर से सागर सिंह एवं मानस पाण्डेय ने नियंत्रित गेंदबाजी करते हुये 3-3 विकेट हासिल किये। इस मैच में जीतेन्द्र गुप्ता एवं सुहैल खान के द्वारा अंपायरिंग का दायित्व उठाया गया जबकि स्कोरर रोशन मिश्रा रहे। फाइनल मैच के समाप्त होने के पश्चात मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य व रीवा संभाग के प्रभारी भोपाल के हर्ष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में सतना टीम को उपविजेता एवं सीधी टीम को विजेता ट्राफी प्रदान की गयी। समापन कार्यक्रम के दौरान मैच के दौरान रीवा संभाग की सीनियर चयनसमिति के चेयरमैन व पूर्व रणजी खिलाड़ी आनंद सिंह, चयनकर्ता पुष्पराज सिंह, सतना के साकेत गौतम, राजेश मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में।**



रीवाः अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाऊट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़ेमेड़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक ज्ञानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 12 अप्रैल रविवार को रीवा में**



रीवाः-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 12 अप्रैल 2026 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कामता मेडिकल में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.

भारतीय सेना/ INDIAN ARMY
पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन
SHORT SERVICE COMMISSION IN
REMOUNT & VETERINARY CORPS

1. भारतीय सेना के पशु चिकित्सा कोर में 95वां अल्प सेवा कमीशन कोर्स हेतु पुरुष और महिला पशु चिकित्सा स्नातकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन कृपया वेबसाईट –www.joinindianarmy.nic.in पर देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे और आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित अवधि तक होगी:-

2.1. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (महिला) - **15 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026**
2.2. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (पुरुष) - **17 अप्रैल 2026 से 18 मई 2026**

यदि कोई पूछताछ करनी हो तो, महानिदेशालय पशुचिकित्सा सेवाएं, क्वार्टरमास्टर जनरल शाखा, एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (थल सेना), पश्चिमी खण्ड-3, आर के पुरम , नई दिल्ली - 110066 से लिखित अथवा ई मेल आई डी: **persvet-1779@nic.in** में संपर्क किया जा सकता है।

1. Applications are invited from male and female veterinary graduates for 95th Short Service Commission Course in Remount & Veterinary Corps of the INDIAN ARMY.
2. For Detailed notification please visit www.joinindianarmy.nic.in. Applications will only be accepted via online mode and will remain open as under :

2.1. SSC (RVC) Course (Women) - **15 Apr 2026 to 15 May 2026**
2.2. SSC (RVC) Course (Men) - **17 Apr 2026 to 18 May 2026**

Queries if any be sought from Dte Gen RVS, QMG Branch, IHQ of MoD (Army), West Block-3, RK Puram, New Delhi-110 066 in writing OR through E-mail ID : **persvet-1779@nic.in**

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

cbc 10601/11/0001/2627

# महिला सब इंजीनियर 10 हजार रुपए रिश्वत लेते ट्रैप

## निर्माणकार्य के मूल्यांकन की एवज में मांगी थी 20 हजार रुपए की रिश्वत



जागरण, रीवा

लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को महिला उपयंत्री नगर परिषद खंड बाणसागर को नगर परिषद कार्यालय खांड देवलौंद में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया है। खेल मैदान में किए गए निर्माणकार्य के मूल्यांकन के एवज में बीस हजार रुपए रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक रीवा के पास मेसर्स जे.के अग्रवाल निवासी पाण्डेन टोला रीवा ने की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने उपयंत्री सुधा वर्मा पिता रामकुमार वर्मा 35 वर्ष मूल निवासी ग्राम मड़वास पोस्ट मड़वास मझौली जिला सीधी (म.प्र.) वर्तमान निवासी शासकीय आवास नगर परिषद खाड़ जिला शहडोल को ट्रैप कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### खेल मैदान के स्टेयर कार्य का करना था मूल्यांकन

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा 7 अप्रैल को शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमे बताया गया कि नगर परिषद खांड जिला शहडोल के खेल मैदान में स्टेयर का निर्माण कार्य निविदा न्यूनतम दर होने पर प्राप्त किया गया। जिसका अंतिम देयक तैयार किए जाने के बाद उपयंत्री सुधा वर्मा द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है। उनके द्वारा मूल्यांकन के लिये 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार द्वारा सत्यापन कराया गया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपिया द्वारा रिश्वत की मांग करना सही पाया गया। जिस पर लोकायुक्त की टीम गठित कर आरोपिया सुधा वर्मा रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है।

# सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी कर खाते से रुपए पार करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## झारखंड के आरोपी रीवा और सतना में करते थे ठगी, 4 मोबाइल बरामद




जागरण, रीवा। शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी झारखंड के हैं जो रीवा और सतना से मोबाइल चोरी कर यूपीआई से पैसा पार कर देते थे। मोबाइल गुमने के बाद खाता खाली होने की कई शिकायत सामने आने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने निगरानी की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अक्सर सब्जी मंडी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने निगरानी बढ़ाई जिसके बाद दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जो चोरी के हैं। इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि आरोपी राजा कुमार महतो और शेखर यादव निवासी साहिबगंज झारखंड के निवासी हैं और मोबाइल चोरी करके पैसा निकालने का हुनर बखूबी जानते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पांचवी पास हैं और झारखंड से रीवा सतना वहां आसपास के इलाकों में मोबाइल चोरी का काम करते थे। मोबाइल मिलते ही वह उसमें संबंधित व्यक्ति की गूगल आईडी, की जानकारी लेने के बाद पेटीएम, गूगल पे या किसी भी मनी ट्रांसफर ऐप का पासवर्ड फॉरगेट पासवर्ड के माध्यम से निकाल लेते हैं और खाता खाली करने के बाद चलती ट्रेन से ही मोबाइल को फेंक देते थे। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने कई अन्य मामलों के संबंध में भी जानकारी एकत्रित की है जिस पर आगे कार्यवाही जारी है, फिलहाल आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बुधवार को शिकायत के बाद एक्टिव हुई पुलिस

सिटी कोतवाली थाना में बुधवार को सुरेश कुमार तिवारी पिता मोतीलाल तिवारी निवासी ग्राम चौरा थाना चोरहटा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सब्जी मंडी में सब्जी खरीदते समय कोई अज्ञात चोर उनकी शर्ट के जेब से रेडमी कम्पनी का मोबाइल चोरी कर लिया। जिस पर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी राजा कुमार महतो पिता इन्द प्रसाद लोनिया 22 साल एवं शेखर कुमार यादव पिता हरिशंकर यादव दोनों निवासी साहिबगंज झारखंड को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि वो सतना व रीवा के इलाकों में आकर मोबाइल चोरी कर मोबाइल के यूपीआई से पैसे ट्रांसफर भी कर लेते हैं, दोनो आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने चोरी के 04 नग एन्ड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं।

# सिरमौर इंटेक गेट के पास नहर में मिली तीसरी लाश

## दो शवो की नहीं हुई शिनाख्त, तीसरे की पहचान हुई



जागरण, रीवा। सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी, बीहर बराज में दो अज्ञात शवों के बाद गुरुवार को इंटक गेट नहर में तीसरा शव उतराता मिला। बीते एक सप्ताह में तीसरी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि गुरुवार को मिले शव की शिनाख्त कर ली गई है, जबकि पूर्व में मिले दो अज्ञात शव की पहचान नहीं हो सकी। तीसरी लाश की पहचान एक दिन पूर्व बीहर नदी में बहे युवक के रूप में की गई है। सिरमौर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सिरमौर स्थित इंटक गेट के पास नहर में अज्ञात व्यक्ति की लाश सुबह ग्रामीणों द्वारा देखी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला गया। तीसरी लाश की पहचान शहर के बोदाबाग स्थित आनंद नगर निवासी 32 वर्षीय ज्ञानेन्द्र शुक्ला के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक युवक एक दिन पूर्व बीहर नदी स्थित किटवरिया घाट में पानी के तेज में बहाव में बह गया था, जिसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी बीच दूसरे दिन युवक की लाश सिरमौर स्थित इंटक गेट के पास नहर में देखी गई। सिरमौर पुलिस व स्थानीय लोगों ने शव को नहर से बाहर निकालकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि सिरमौर थाना क्षेत्र में इस तरह लाशों के मिलने का यह एक सप्ताह के भीतर तीसरा मामला है, और अब तक पूर्व में मिली दो लाशों की पहचान नहीं की जा सकी है। बताया गया कि बोदाबाग स्थित बीहर नदी के किटवरिया घाट में युवक नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया था, जिसकी सूचना पर पुलिस एसडीआरएफ की टीम से रेस्क्यू करवा रही थी।

# सामुदायिक पुलिसिंग पर राज्य स्तरीय वेबिनार आयोजित



जागरण, रीवा। पीटीएस रीवा में सामुदायिक पुलिसिंग पर राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया। सामुदायिक पुलिस उद्देश्य, चुनौतियां एवं उपयोग विषय पर केंद्रित इस वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में निरीक्षक चित्रांगदा सिंह एवं पीएल बागरी ने पुलिस बल को सामुदायिक पुलिसिंग की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग के गौरवशाली इतिहास, इसकी अनिवार्य आवश्यकता, निर्धारित लक्ष्यों और इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**पुलिस और जनता के बीच बढ़ेगा विश्वास** : आज के बदलते परिवेश में सामुदायिक पुलिसिंग केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि आधुनिक पुलिस व्यवस्था की आधारशिला बन चुकी है। इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि सामुदायिक पुलिसिंग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास की खाई कम होती है। जब आम नागरिक स्वयं को पुलिस का सहभागी समझने लगता है, तो अपराध नियंत्रण और सूचनाओं का संकलन कहीं अधिक प्रभावी हो जाता है। वर्तमान समय में, जहाँ साइबर अपराध और जटिल सामाजिक चुनौतियां बढ़ रही हैं, वहां जन-भागीदारी के बिना पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना कठिन है। यह व्यवस्था पुलिस के प्रति नकारात्मक छवि को सुधारने और अपराधियों में भय व नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करने का सबसे उचित माध्यम है।

### प्रमुख योजनाओं पर मंथन

प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश में संचालित सामुदायिक पुलिसिंग की विभिन्न सफल एवं नवीन योजनाओं -त्रिनेत्रम, सृजन, युवा क्लब, शक्ति समिति, शांति समिति,मोहल्ला समिति, एकता पंचायत, खाटला पंचायत आदि पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने जोर दिया कि पुलिस को केवल एक दंडात्मक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि समाज के एक सहायक अंग के रूप में कार्य करना चाहिए।

# मारपीट के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, वीडियो हुआ था वायरल



रीवा। मनगवां थाना क्षेत्र में एक युवक से मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, घटना करीब 15 दिन पुरानी थी। मनगवां पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर घटना की जांच शुरू कर पीड़ित राकेश साकेत उम्र 28 वर्ष ग्राम नदहा से पूछताछ की, जिस पर युवक ने बताया कि 25 मार्च की शाम तकरीबन 4 बजे वह साईं मंदिर के पीछे बैठा हुआ था, इसी दौरान गांव के ही रोहित साकेत तीन अन्य अन्य लोगों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित साकेत और उसके साथियो को पकड़ा। आरोपियों का आरोप था कि राकेश से उसकी मां को 20 हजार रुपए में नकली सोने को असली बताकर बेच दिया था। इसी बात से आक्रोशित होकर उन्होंने मारपीट की थी। फिलहाल पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर पूरे मामले की विवेचना कर रही है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन लीज नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा में आवंटित एल. आई.जी. भवन क्रमांक– 208 श्रीमती शशि किरण श्रीवास्तव पिता स्व. श्री कैलाश शंकर श्रीवास्तव को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 26.07.2025 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव का नाम दर्ज है। उक्त भवन के लीज नामान्तरण हेतु नामिनी मे दर्ज श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव के द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 07.04.2026 को ऑफलाईन आवेदन पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें उनके दस्तावेजो का सत्यापन किया गया व दस्तावेज सत्यापन पश्चात् इस कार्यालय में दिनांक 07.04.2026 को भवन नामान्तरण हेतु ऑनलाईन भी आवेदन किया गया है। अतः उक्त भवन स्थानांतरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं भवन का लीज नामान्तरण श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव के नाम पर कर दिया जावेगा।

RN- 85231

(सी.एस. पटेल)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)



**न्यायालय : संदीप कुमार नामदेव व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना के न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश हनुमना**

प्रोसेस 369/2026
प्र.क्रमांकः एम.जे.सी- 118/2017
पेशी दिनांकः 27.04.2026

वीरन गिरी मृत द्वारा वारिसान अन्य ........... आवेदकगण

बनाम

जानकी मृत द्वारा वारिसान ............. अनावेदकगण

आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी.-118/2017 की सुनवाई दिनांक 27.04.26 को 11:00 बजे होगी, यदि दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्यदिवस में कार्यवाही होगी। नोटिस के माध्यम से अनावेदक क्रमांक 12 राजबहोर पटेल के वारिसान पुत्रियांः- 01. श्रीमती गीता पति प्रभुनाथ पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी कुइया पो० मनिगवां जिला रीवा म.प्र.। 02. श्रीमती सुशीला पति सुशील कुमार पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी सथिनी पोस्ट मनिगवां जिला रीवा म.प्र.। 03. श्रीमती फूलकुमारी पति सुशील पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट मनगंवा जिला रीवा। 04. श्रीमती शांती उम्र 35 वर्ष निवासी गहिरा थाना नईगढ़ी जिला मउगंज । 05. श्रीमती बेलाकली उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम जुड़मनिया तहसील व जिला मउगंज म०प्र०।आप लोगो को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 27.04.2026 को न्यायालय में स्वयं अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायायल में उपस्थित होकर अपना पक्ष पस्तुत न करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 07.04.2026 को न्यायायल की मोहर से जारी किया गया।

मुद्रा

संदीप कुमार नामदेव
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ
हनुमना में अतिरिक्त न्यायालय
केन्यायाधीश हनुमना
जिला-रीवा

RN-85028



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड बोदाबाग कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र. 82 के मूल आवंटी शकील जाफरी पिता श्री मोज्जाम हुसैन, पता– एन 1–703, सुपर टेक इकोविलेज 1, ग्रेटर नोयडा गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) के द्वारा उक्त भवन को आवंटी द्वारा सामान्य मुख्तियारनामा के तहत विक्रेता अरशद जाफरी पिता श्री मोज्जाम हुसैन द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र. 82 को मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी को दिनांक 03.09.2025 को पंजीयन कार्यालय रीवा के माध्यम से विक्रय किया गया है। भवन क्रय करने के पश्चात् मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी, निवासी–हाउस नं. 1 से 442, वार्ड नं. 423 अमहिया रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा भवन अपने नाम नामान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 27.02.2026 को ऑफलाइन आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं। जिसमें दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 27.02.2026 को किया गया, तत्पश्चात् उनके द्वारा दिनांक 07.04.2026 को ऑनलाइन भी आवेदन किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी के नाम पर कर दिया जावेगा।

RN- 85373

(सी.एस. पटेल)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी-इन्जी0-सी-2026-73 | **अनुमानित लागत रु :** 103873656.85

**कार्य का नाम :** झाँसी : प्रोवीजन ऑफ़ फ्रेट कस्टमर एमेनिटीज इन एक्सिस्टिंग गुड्स शेड एट पामां रेलवे स्टेशन।

**अमानत राशि :** 2077500.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि :** 28.04.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

• निविदा **दिनांक 28.04.2026 को 15:00 बजे तक** ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 765/26 (AS)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**नाम सुधार सूचना**

मैं भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) कथन करता हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड, अंकसूची एवं समस्त शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) अंकित है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम भूषण भोराज धुंदे (Bhushan Bhoraj Dhunde) दर्ज हो गया है जो गलत है। अतः मेरे पासपोर्ट एवं समस्त अभिलेखों में मेरा नाम भूषण भोराज धुंदे (Bhushan Bhoraj Dhunde) की जगह मेरा सही नाम भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 85375 भूषण भोजराज धुंदे



**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on GeM Portal :-

| S.No. | Bid No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/ B/7423715 | Group Mediclaim Insurance Service - Contract Employees; Hospitalization for accident & emergency Treatments, OPD, Maternity, All pre-existing illness; Yes |

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on GeM Portal.
M.P. Madhyam/125283/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**


# आइस्क्रीम के ठेले के नीचे दबने से युवक की मौत

रीवा। सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा के समीप गुरुवार को आइस्क्रीम का ठेला चलाने वाला युवक हादसे का शिकार हो गया। अचानक ठेला पलटा और युवक उसके नीचे दब गया। बताया गया कि जब तक घायल को अस्पताल पहुंचाया गया उसकी जान जा चुकी थी। युवक की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आइस्क्रीम बेचकर परिवार का पेट चलाने वाले रामबदन माझी उम्र 45 साल रोज की तहत गुरुवार की सुबह भी घर से ठेला लेकर आइसक्रीम बेचने गया था। इसी दौरान जैसे ही वह ग्राम अंजोरा के समीप पहुंचा तभी अचानक उसका ठेला पलट गया और वह ठेले के नीचे दब गया। स्थानीय लोग जब तक रामबदन को ठेले के नीचे से बाहर निकलते तब तक उसने दम तोड़ दिया था जिसके बाद घटना की सूचना परिजनों सहित पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**किराए से देना है**

हास्पिटल एवं सुपर बाजार के लिए संपर्क करें। 3 मंजिल 13000 स्क्वायर फीट, आदित्य हेटल के पीछे समान तिराहा न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
मो.नं.9200290020, 9617049786
आरएन gm sir (10/04)



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


# झोपड़ी के अंदर मिला श्रमिक का शव

## निर्माणाधीन फार्म हाउस की देखरेख में तैनात था युवक



जागरण, रीवा। गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कांकर में निर्माणाधीन फार्म हाउस के अंदर झोपड़ी के नीचे तखत में श्रमिक का शव मिला। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही युवक के मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। गढ़ पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में मृतक भारत साकेत 35 वर्ष निवासी ग्राम कांकर के चाचा राम लल्लू साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भतीजा गांव के ही राजू सिंह परिहार के निर्माणाधीन फार्म हाउस में रहता था। दोपहर उन्हें सूचना मिली कि भारत साकेत का शव फार्म हाउस के अंदर बनी झोपड़ी के नीचे तखत में मिला है। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि भरत मृत अवस्था में पड़ा है जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। हालांकि भरत की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, यह साफ नहीं हो सका है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)**

सम्राट चौराहा के पास, ई–मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822–292508

**निविदा सू0क0 03/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/26–27 सीधी दिनांक 06.04.2026**

निम्न कार्यो हेतु निविदा आनलाईन बेबसाइड **http//mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 23.04.2026 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**Name of work- Providing a complete utility vehicle with labour and mechanic for 1064 handpump Repairing and maintanance (per thousand number of handpump) in south part-1 of son river at Block Rampur Naikin Distt Sidhi.**

| S.N. | Tender ID | Name of Block | No Of Handpump | PAC (Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | No. Of Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_497354_1 | Rampur Naikin | 1064 | 12.03 | 24060 | 200 | I Call |

G-11250/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )



**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO. LTD.**

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, Fax No. 0761-2660048 | CIN: U40109MP2002SGC015120

No. SE/O&M/SNI/PUR/11,12 **TENDER NOTICE** Dtd: 06.04.2026

Online Tenders are invited for the following works under (O&M) Circle MPPKVVCL Seoni:-

| Sr. No | T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/EZ/PUR | Particular of work | Approx Value (Rs.in Lakhs) | Tender Fee (In Rs) | Due date & time of Opening of Tender online from 14:30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/O&M/SNI/PUR/2026-27/TS-87/11 dt. 06.04.2026 E-Tender No. 2026_PKVVC_497516_1) | Empanelment of contractors to award a contract for survey, installation, testing and commissioning of 11kv line, 11/0.433 KV distribution transformer and LT line under different schemes in O&M Circle, Seoni. | 113.00 | 5900/- Including GST | 23.04.2026 |
| 2 | SE/O&M/SNI/PUR/2026-27/TS-88/12 dt. 06.04.2026 E-Tender No. 2026_PKVVC_497520_1) | Empanelment of contractors to award a contract for survey, installation, testing and commissioning of 33kv line, 33/11kv different capacity additional / augmentation PTRs, 33kv underground cable and 33kv additional bay, under different schemes in O&M Circle, Seoni. | 212.00 | 5900/- Including GST | 24.04.2026 |

*Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW" विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम !" S.E. (O&M) MPPKVVCL, Seoni



**वन रक्षक एवं क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के संबंध में संशोधित सूचना**

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, सतुपड़ा भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक/प्रशा./II/क्षे.स्था.2/1333 भोपाल दिनांक 02 अप्रैल 2026 के अनुसार अनूसचित जाति श्रेणी के पदों को जोड़कर अद्यतन आरक्षण तालिका प्रदान की गई है। जिसको नियम पुस्तिका में समाहित कर संबंधित पृष्ठ मण्डल की अधिकारिक वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर अपलोड की गई है।
उपरोक्तानुसार परीक्षा हेतु उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। संशोधित जानकारी मण्डल की अधिकारिक बेवसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं संशोधन की तिथियां यथावत रहेंगी।

**विज्ञापन क्रमांक 03/2026** **संचालक**

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, Fax : +91-0755-2550498, Web.: www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/125288/2026



**पश्चिम मध्य रेल**

ई– निविदा सूचना
विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर
एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2023–25RRR दिनांक 07.04.2026

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर / कर्षण–वितरण / पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **1. कार्य का नाम :** जबलपुर मंडल में मौजूदा 33 केवी एचटी क्रॉसिंग को ओवरहेड क्रॉसिंग से भूमिगत केबलों में बदलने के लिए शेष कार्य।, **2. कार्य स्थल** : जबलपुर मण्डल ।, **3. कार्य की अवधि** : 12 माह, **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)** : रुपये 22,43,777.90/–(रुपये बाईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ सतहत्तर और नब्बे पैसे मात्र ), **5. बयाना राशि** : रूपये– 44,900.00/–, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : 30.04.2026 15:00 बजे/30.04.2026 15:30 बजे, **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट** : https/www.ireps.gov.in, **8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें । निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.
वरि मं. वि. इंजी/क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर जयंती पर बैंकों में अवकाश की मांग

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित किया है। इस आदेश में बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के संबंध में स्पष्ट निर्देश न होने से बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) एमपी के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने इस संबंध में प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया है कि डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर राच्य के सभी बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में भी अवकाश घोषित किया जाए। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत राच्य में स्थित केंद्र सरकार की संस्थाओं में छुट्टी घोषित कर सकती है। ऐसे में बैंक यूनियन की मांग है कि इस संबंध में प्रदेश सरकार अवकाश के लिए आदेश जारी करे।

### नरसिंहपुर की पुलिस टीम को डीजीपी ने दिया नकद इनाम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नरसिंहपुर में करोड़ों रुपये के सायबर फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को डीजीपी कैलाश मकवाणा ने नकद इनाम देने की घोषणा की है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिले की स्पेशल टीम ने 15 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन वाले 180 म्यूल अकाउंट यानी फर्जी खातों को न केवल फ्रीज कराया, बल्कि छापेमारी कर 17 शातिर जालसाजों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। टीम ने इस फ्रॉड का शिकार हुए लोगों को 53 लाख रुपये की रिकवरी कराई, जबकि जालसाजों के खातों में 45 लाख रुपये होल्ड भी कराए। डीजीपी ने टीम में शामिल निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे और किशोर बामनकर को 5-5 हजार, उप निरीक्षक अनिल अजमेरिया और राहुल सोनकर को 4-4 हजार रुपये, जबकि प्रधान आरक्षक देवेन्द्र और राजेश बागरी को 3-3 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

### प्रदेश में आज से नारी शक्ति वंदन का उत्सव

**विसं, भोपाल।** शुक्रवार से प्रदेश व्यापी नारी शक्ति वंदन पखवाड़े शुरू होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों से जनता को अवगत कराया जाएगा राज्य शासन द्वारा इसे जन-उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। उत्सव 25 अप्रैल चलेगा। अभियान की शुरुआत रविन्द्र भवन से होगी जहाँ प्रबुद्धजनों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों और छिंदवाड़ा, खरगोन एवं मंदसौर जिला मुख्यालयों पर भव्य नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में महिला सांसदों, विधायकों, महापौर व पंचायत प्रतिनिधियों सहित सफल महिला उद्यमियों को सम्मानित कर उनके अनुभवों को साझा किया जाएगा।

# प्रदेश में आईएएस की कमी, प्रतिनियुक्ति से नहीं लौटते अफसर

## मप्र में 489 पद स्वीकृत, 150 से ज्यादा खाली, 50 प्रतिनियुक्ति पर, कई अफसरों पर दो से ज्यादा विभागों की जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की कमी की वजह से यहां पदस्थ आईएएस अफसरों पर वर्क लोड ज्यादा है। राज्य में आईएएस अफसरों के 150 से ज्यादा पद रिक्त हैं। जबकि प्रदेश से बाहर प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं देने वाले अधिकांश अफसर प्रदेश वापस नहीं लौटना चाहते। इससे मध्यप्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के 489 पद स्वीकृत है। इनमें से वर्तमान में राज्य में प्रतिनियुक्त पर गए 50 अधिकारियों सहित 391 अफसर ही विभिन्न पदों पर अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे है। ऐसी स्थिति की वजह से अपर मुख्य सचिव से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों के पास दो से ज्यादा विभागों की जिम्मेदारी है। इसके बाद भी इन अधिकारियों को राज्य सरकार की अपेक्षा के अनुरूप खरा उतरना पड़ रहा है। जिससे उन पर वर्कलोड लगातार बढ़ता जा रहा है। यह मामला राज्यसभा में उठाया गया था, जिसमें मध्यप्रदेश के संदर्भ में पदों की कमी के बारे में जानकारी दी गई थी। सदन में लिखित रुप से बताया गया था कि मध्यप्रदेश में आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के 203 पद रिक्त हैं।



### पर्याप्त नए अधिकारी नहीं मिले

मध्यप्रदेश को पिछले कुछ वर्षो से सीधी भर्ती के नए आईएएस अधिकारी आवश्यक संख्या से कम मिले हैं। जबकि बड़ी संख्या में अधिकारी केंद्र या दूसरे राज्यों की प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में अधिकारी सेवानिवृत्त भी हो रहे हैं, जिसकी वजह से मध्यप्रदेश में अधिकारियों की कमी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस के तौर पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों की संख्या भी काफी कम है। वर्ष 2025 में 16 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस संवर्ग आवंटित किया गया।

### सेवानिवृत्ति तक रहे प्रतिनियुक्ति पर

मध्यप्रदेश कैडर के कई अधिकारी ऐसे हैं, जो प्रतिनियुक्ति के पदों से ही सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें कई बार मध्यप्रदेश वापस लाने के प्रयास भी हुए, लेकिन वे वापस नहीं आए और वहीं से सेवानिवृत्त हो गए। इसी तरह आईएएस वीएल कांताराव भी रक्षा, तकनीकी विभागों में प्रतिनियुक्ति पर रहे हैं। पंकज अग्रवाल और मनोज गोविल, पल्लवी जैन गोविल, विवेक अग्रवाल सहित दूसरे कई अधिकारी हैं, जो मध्यप्रदेश में सेवाएं देने की बजाए केन्द्र सरकार में रहते सेवा निवृत्त हुए हैं।

### ये अधिकारी हैं प्रतिनियुक्ति पर

नीलम शमी राव, आशीष श्रीवास्तव, अल्का उपाध्याय, अनिरुद्ध मुखर्जी, हरिरंजन राव, तरुण पिथौड़े, प्रियंका दास, नीरज कुमार सिंह, राहुल हरिदास फटिंग सहित दूसरे आइएएस प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### कई अधिकारियों की रुचि केन्द्र

मध्यप्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारी राज्य सरकार के लिए काम करने की तुलना में केंद्र सरकार की सेवा करने में अधिक रुचि रखते है। इधर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों की कमी को पूरा करने के लिए कई बार केन्द्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को पत्र लिखा गया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य में प्रशासनिक कार्यो के सुचारु संचालन,सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की अत्याधिक आवश्यकता है। राज्य शासन ने प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों की वापसी के लिए भी केन्द्र से आग्रह किया है।

### इस वर्ष भी 26 अधिकारी होंगे सेवानिवृत्त

मौजूदा वर्ष में भी मध्यप्रदेश कैडर के 16 आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। इनमें कुछ अधिकारी वर्तमान में संभागायुक्त व जिलों के कलेक्टर है,तो कुछ मंत्रालय में बड़े विभाग संभाल रहे है। एक साल का एक्सटेंशन मिलने के बाद राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन भी सितंबर 2026 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे, बशर्ते उन्हें सरकार फिर से सेवा विस्तार न दे। इनके अलावा एसीएस स्तर की अधिकारी अलका उपाध्याय और आशीष श्रीवास्तव, चंबल संभागायुक्त सुरेश कुमार, शहडोल कलेक्टर केदार सिंह, शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र चौधरी भी इसी वर्ष सेवानिवृत्त होंगे। कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की है, जिनके पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित स्पेशल डीजी स्तर के अन्य अधिकारी भी सेवानिवृत्त होंगे।

## जून तक हो पाएगी क्षतिग्रस्त सूखीसेवनिया आरओबी की मरम्मत, परिवर्तित मार्ग से गुजर रहे भारी वाहन

# 10 हजार वाहनों को रोज लगाना पड़ रहा 66 किमी का चक्कर, देना पड़ रहा दो जगह टोल

- नो एंट्री खुलते ही शहर में घुस रहे वाहन
- रिंग रोड के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं

**नगर संवाददाता, भोपाल।** इंदौर व राजगढ़ की तरफ से आकर जबलपुर और होशंगाबाद की ओर जाने वाले वाहनों को इन दिनों 66 किलो मीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसकी वजह है भोपाल रिंग रोड का वह पुल जो सूखी सेवनिया के पास क्षतिग्रस्त है। इसके मरम्मत कार्य के चलते एमपीआरडीसी (मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) ने मार्ग परिवर्तित किया हुआ है। परिवर्तित मार्ग भोपाल बायपास पर विदिशा चौराहा से सूखी सेवनियां, बालमपुर की घाटी, दीवानगंज, सलामतपुर चौराहा, रायसेन होते हुए बिलखिरिया और फिर कोकता चौराहे से 11 मील को जोड़ रहा है। यह पूरा रास्ता 66 किमी का है। इस 66 किमी का चक्कर लगाने के लिए वाहनों को न सिर्फ समय खर्च करना पड़ रहा है, बल्कि डीजल और दो टोल पर पैसा भी खर्च करना पड़ रहा है। एमपीआरडीसी के अनुसार पुल की मरम्मत का काम 15 जून तक चलेगा, इसके बाद ही यह मार्ग बहाल हो पाएगा।






### 1500 का डीजल और 500 रुपए टोल

परिवर्तित मार्ग पर चलने के बाध्य भारी वाहन चालकों पर दोहरी मार पड़ रही है। उन्हें 66 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाने के लिए 15 लीटर डीजल एक्स्ट्रा खर्च करना पड़ रहा है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 1500 रुपए है। इसके अलावा उन्हें इस रूट पर दो टोल चुकाने पड़ रहे हैं। इसमें पहला टोल नाका रायसेन रोड पर बीयर फैक्ट्री के पास मौजूद है। जबकि दूसरा टोल 11 मील के पास मौजूद है। दोनों टोल पर न्यूनतम शुल्क 500 से 600 रुपए के बीच है। इस तरह कुल दो हजार रुपए का खर्च एक वाहन पर पड़ रहा है।

### 10 लेन के लिए अयोध्या बायपास भी बंद

एमपीआरडीसी द्वारा जो परिवर्तित मार्ग चुना गया है, उसकी सबसे बड़ी वजह भोपाल में अयोध्या बायपास पर चल रहे 10 लेन सड़क का निर्माण कार्य है। गांधी नगर में आशाराम तिराहे से रत्नागिरी तक इस सड़क को 10 लेन के रूप में बनाया जा रहा है, वर्तमान में यह फॉर लेन है। निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों का यहां से निकल पाना नामुमकिन है। इस सड़क पर जगह जगह फ्लाई ओवर का काम चल रहा है, इससे यह सड़क बड़े वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं बची है।

### 8 करोड़ से हो रही मरम्मत

सूखी सेवनिया के पास क्षतिग्रस्त हुए रेलवे ओवर ब्रिज को नए ढंग से बनाया जा रहा है। इसके लिए करीब आठ करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इस काम को करने का ठेका इंदौर की एक निजी फर्म को दिया गया है। कंपनी द्वारा यहां ब्रिज के धसे हुए हिस्से को पूरा तरह से तोड़ कर नए सिरे से खड़ा किया जा रहा है। इस काम में दो से ढाई महीना लग सकता है।

### रात के समय भोपाल से गुजर रहे वाहन

रात में 11 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक नो एंट्री खुली रहती है। इस अवधि में ज्यादातर भारी वाहन भोपाल शहर में से गुजर रहे हैं। यह वाहन एयरपोर्ट रोड व इंदौर की तरफ से आकर लालघाटी, वीआईपी रोड, पॉलीटेक्निक, न्यू मार्केट से होकर होशंगाबाद रोड पर पहुंच रहे हैं। इस कारण रात में शहर में भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है।

> मार्ग परिवर्तन के कारण भारी वाहनों को आर्थिक बोझ वहन करना पड़ रहा है। हमने एनएचएआई को पत्र लिखकर मांग की है कि वह दो टोल में से किसी एक टोल को फ्री कर दे, जिससे वाहनों को सिर्फ एक जगह टोल देना पड़े।
>
> **कमल पंजवाणी, सचिव,** प्रांतीय ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन

### कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की मानहानि मामले में स्टेट्स रिपोर्ट तलब

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के खिलाफ दायर मानहानि के मामले की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने हाईकोर्ट कि रजिस्ट्री को निर्देश दिए हैं कि निचली अदालत से बुलवाकर प्रकरण की अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी। 2003 में दिग्विजय सिंह ने भोपाल के सीजेएम कोर्ट में मानहानि का यह मामला दायर किया था। जिसमें कहा गया था कि उमा भारती ने मीडिया से बातचीत के दौरान दिग्विजय सिंह पर कुछ गंभीर आरोप लगाए थे। इस बयान से उनकी छवि को नुकसान हुआ था। सुनवाई के दौरान दिग्विजय सिंह की ओर से सभी गवाहों के बयान हो गए थे। उमा भारती की ओर से नरेन्द्र बिरथरे को गवाह बनाया गया। दिग्विजय सिंह की ओर से आग्रह किया गया कि नरेन्द्र बिरथरे को दोबारा बुलाकर उनका प्रति परीक्षण किया जाए। इस आवेदन को सीजेएम कोर्ट ने 29 अगस्त 2017 को निरस्त कर दिया। इसके खिलाफ दायर पुनरीक्षण अर्जी भी 25 सितंबर 2017 को खारिज कर दी गई। इन दोनों आदेशों को चुनौती देते हुए दिग्विजय सिंह की ओर से 2017 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान दिग्विजय सिंह की ओर से अधिवक्ता ने निचली अदालत में हो रहे विलंब की दलील दी।

**दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती के खिलाफ दायर किया था मामला**

# विपक्षी दल के विरोध के बीच प्रदेश में किसानों से गेहूं की खरीदी शुरू

## भाजपा ने मंडियों में किसानों का स्वागत किया, तो कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने गुरुवार से समर्थन मूल्य पर किसानों के गेहूं उपार्जन की शुरुआत की। पहले दिन जहां भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने मंडियों में पहुंचकर किसानों का स्वागत किया, तो वहीं कांग्रेस ने किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मंडियों के बाहर प्रदर्शन किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार भोपाल सहित प्रदेश के चार संभागों में गुरुवार को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारम्भ हुई। पहले दिन यहां की मंडियों में पहुंचे किसानों का भाजपा कार्यकर्ताओं, विधायकों व दूसरे जनप्रतिनिधियों ने तिलक लगातार स्वागत किया। जबकि कांग्रेस ने प्रदेश भर में गेहूं उपार्जन के विषय पर प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।



### सरकार की नीयत में कमी: पटवारी

इधर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को बुंदेलखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सागर और छतरपुर जिले में आने वाली कई मंडियों में किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वरादानों की कमी को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों के हितों को लेकर सरकार की नीयत में कमी है। पटवारी ने सागर की जिले के कृषि मंडी परिसर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं और मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल समाधान की मांग की। इस दौरान किसानों ने मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं, गेहूं खरीदी में देरी और बारदान की कमी को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक प्रदेश में गेहूं खरीदी शुरू नहीं की गई है, जिससे किसान धूप में परेशान होकर मंडी के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं। मंडी चार दिन से बंद है और सरकार जश्न मनाने में व्यस्त है, जबकि प्रशासन एसी कमरों में बैठकर किसानों की समस्याओं से अनजान बना हुआ है। पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें किसानों की आय 8 गुना बढ़ने की बात कही गई थी। उन्होंने किसानों से सीधा सवाल करते हुए कहा, क्या वास्तव में आपकी आय बढ़ी है?

### भोपाल में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

इधर भोपाल में शहर जिला कांग्रेस और ग्रामीण कांग्रेस की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने सरकार पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी को लेकर लगातार लापरवाही बरती जा रही है। खरीदी की तारीखें बार -बार बदली जा रही है। जिससे किसान परेशान हो रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हित के लिए सरकार से सड़क की लड़ाई लड़ेगी।इस मौके पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा, जिसमें उन्होंने किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, समय पर खरीदी प्रारंभ करने और उचित समर्थन मूल्य दिलाने का आग्रह किया।

### पहले दिन 1616 क्विंटल गेहूं का उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरु हो चुका है। पहले दिन 45 उपार्जन केन्द्रों पर 1616 क्विंटल गेहूँ का उपार्जन किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरु किया जायेगा।राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है।

## राज्य सरकार ने किए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 26 अधिकारियों के तबादले

| अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| कृष्ण गोपाल तिवारी | आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम | आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण |
| शिल्पा गुप्ता | आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल | सचिव गृह विभाग तथा पदेन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग |
| अभिषेक सिंह | सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग | आयुक्त लोक शिक्षण मप्र तथा पदेन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग |
| श्रीकांत बनोठ | आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल | आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम |
| कौशलेन्द्र विक्रम सिंह | कलेक्टर, जिला भोपाल | सचिव सीएम तथा आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश (अतिरिक्त प्रभार) |
| रवीन्द्र कुमार चौधरी | कलेक्टर, जिला शिवपुरी | अपर सचिव, नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा जल संसाधन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| प्रतिभा पाल | कलेक्टर, रीवां | कलेक्टर, जिला सागर |
| राजीव रंजन मीना | वि.क.अ.-सह-आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत वित्त तथा संचालक, बजट, मध्यप्रदेश, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) | कलेक्टर, जिला धार |
| धरणेन्द्र कुमार जैन | कलेक्टर, जिला उमरिया | अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग |
| नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी | कलेक्टर, जिला बैतूल | कलेक्टर, जिला रीवा |
| प्रियंक मिश्रा | कलेक्टर, जिला धार | कलेक्टर, जिला भोपाल |
| सोनिया मीना | कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम | अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग |
| सोमेश मिश्रा | कलेक्टर, जिला मण्डला | कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम |
| संदीप जी.आर. | कलेक्टर, जिला सागर | वि.क.अ.-सह-श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर |
| शीतला पटले | कलेक्टर, जिला सिवनी | सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर |
| नेहा मीना | कलेक्टर, जिला झाबुआ | कलेक्टर, जिला सिवनी |
| रानी बाटड | कलेक्टर, मैहर | उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग |
| सुधीर कुमार कोचर | कलेक्टर, जिला दमोह (अतिरिक्त प्रभार) | उप सचिव, मुख्यमंत्री तथा कार्यपालन संचालक, एप्को, भोपाल |
| अर्पित वर्मा | कलेक्टर, जिला श्योपुर | कलेक्टर, जिला शिवपुरी |
| राखी सहाय | सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर | कलेक्टर, जिला उमरिया |
| शीला दाहिमा | उप सचिव, मप्र शासन, सहकारिता विभाग | कलेक्टर, जिला श्योपुर |
| बिदिशा मुखर्जी | उप सचिव, मप्र शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | कलेक्टर, जिला मैहर |
| प्रताप नारायण यादव | उप सचिव, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग | कलेक्टर, जिला दमोह |
| राहुल नामदेव धोटे | उप सचिव, मप्र शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा जल संसाधन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) | कलेक्टर, जिला मण्डला |
| डॉ. योगेश तुकाराम भरसट | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत, भोपाल | कलेक्टर, जिला झाबुआ |
| डॉ. सौरभ संजय सोनवणे | आयुक्त, नगर पालिक निगम, रीवा | कलेक्टर, जिला बैतूल |

**आरक्षक भर्ती**

## प्रदेशभर में 9 लाख अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा, 975 के नाम होल्ड

# परिणाम घोषित: 6525 सफल कैंडिडेट की लिस्ट जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 7500 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती परीक्षा में कुल 6,525 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ है। मंडल ने अपनी वेबसाइट पर सफल आवेदकों की लिस्ट जारी कर दी है। अगस्त 2025 में 7500 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के लिए प्रदेशभर से करीब 9 लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था। लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 57,990 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। यह शारीरिक परीक्षा 23 फरवरी से 14 मार्च 2026 तक प्रदेश के 10 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 44,483 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

### जबलपुर के सुनील टॉपर, पांचवें स्थान पर भोपाल के सूरज

रिजल्ट में इस बार ओबीसी वर्ग के कैंडिडेट्स आगे रहे हैं। टॉप-10 की लिस्ट में 7 उम्मीदवार इसी वर्ग के हैं। सूची में कुल 8 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। मेरिट लिस्ट में जबलपुर के सुनील मीणा ने 169 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर भी जबलपुर के अंकित रघुवंशी हैं, जबकि तीसरे स्थान पर नीमच के दीपक जाट, चौथे स्थान पर रीवा के आदर्श सेन और पांचवें स्थान पर भोपाल के सूरज मसीह ने स्थान हासिल किया। छठे नंबर पर भोपाल के ही देवेंद्र मेवाड़ा, सातवें स्थान पर भोपाल की आरती चौहान, आठवें स्थान पर सागर की रचना नामदेव, नौवें नंबर पर नीमच के बबलू राठौर और दसवें पायदान पर उच्जैन के यतेंद्र सिंह रहे।

### 87-13 के फॉर्मूले से जारी किया परीक्षा परिणाम, अब चिकित्सा परीक्षण होगा

अंतिम चयन सूची के अनुसार, सफल हुए 6,525 अभ्यर्थियों में से 5,916 को जिला पुलिस बल में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वहीं, 609 अभ्यर्थियों का चयन विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के लिए किया गया है। अब चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण होगा, जिसके बाद उन्हें पदस्थापना दी जाएगी। प्रदेश में आरक्षण को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है, इस कारण कुल स्वीकृत पदों में से 87-13 फॉर्मूला के तहत परिणाम जारी किए गए हैं। ऐसे में 7500 पदों में से लगभग 975 पद (13 फीसदी) होल्ड पर रखे गए हैं। इन पदों को ओबीसी आरक्षण के मामले में कोर्ट के अंतिम निर्णय के बाद ही भरा जाएगा।

# कलेक्टर ने बिछिया नदी के उद्गम स्थल का किया निरीक्षण



**मऊगंज, जागरण ।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनपद मऊगंज के ग्राम खैरा स्थित बिछिया नदी के उद्गम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बिछिया नदी के पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्गम स्थल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। बिछिया नदी के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्स्थापित करने के लिए समन्वित प्रयास करें। इसके लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण, जल संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मत तथा अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। नदी के उद्गम स्थल एवं प्रवाह क्षेत्र में जल संरक्षण के स्थायी उपाय करें, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके और नदी का जलस्तर बना रहे। साथ ही ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी पुनर्जीवन के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर उसका समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जल संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रशासन एवं आमजन के बीच समन्वय आवश्यक है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# त्योंथर तहसील कार्यालय में बदली बाबुओं की कुर्सी



**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर तहसील कार्यालय में पूर्व में किए गये कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन किया गया है जिसमें शशांक गुप्ता सहायक वर्ग 3 को प्रवाचक रायपुर, विज्ञानचन्द्र पाण्डेय सहायक वर्ग 3 को ऑफिस कानून गो, सचिन मिश्रा सहायक वर्ग 3 को नायब नाजिर सहायक आफिस कानून गो, प्रसन्न तिवारी सहायक वर्ग 3 को प्रवाचक सोहागी, रामबाबू शुक्ला खंड लेखक को प्रवाचक गढ़ी का कार्य विभाजन किया गया है। उक्त कर्मचारी अपना पदभारी 03 दिवस के भीतर ग्रहण करेंगे।

## दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की उद्घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी दिनेश पटेल उर्फ गबरू पिता मनोहर पटेल उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह, थाना मऊगंज तथा गोलू उर्फ सत्येन्द्र शर्मा पिता सुदामा प्रसाद शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हिनौती थाना नईगढ़ी की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी कराने अथवा इस संबंध में सूचना देने वाले को नगद इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक मऊगंज का होगा। इनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमांक 80 ए में निहित प्रावधान के तहत की गई है।

# ग्रामीणों ने पकड़ा तो शराब छोड़कर भागे पैकारी


### बरौली समूह कंपोजिट शराब दुकान गढ़ी से पैकारी का सिलसिला जारी

### जनेह थाना क्षेत्र के कई गांवों में होती है पैकारी



**त्योंथर ब्यूरो।** जिले के त्योंथर विधानसभा अंतर्गत जनेह थाना और गढ़ी चौकी क्षेत्र में अवैध शराब पैकारों का गिरोह सक्रिय है। संवाददाता को स्थानीय जनता ने बताया कि बरौली समूह कंपोजिट शराब दुकान गढ़ी से गांव गांव में पैकारी के माध्यम से शराब पहुचाई जा रही है जिसकी जानकारी आबकारी विभाग को भी है फिर भी आबकारी विभाग उक्त ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही न कर संरक्षक दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ठेकेदार द्वारा भोथीं गांव सहित कई गांवों में मोटरसाइकिल से अपने गुर्गों को भेजकर शराब पैकारी करवाई जा रही थी तभी इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तो, स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो, पैकार घबराकर साथ लाये शराब की पेटियां वहीं छोड़कर भाग गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर मौजूद शराब से भरी पेटियों को अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना तुरंत गढ़ी चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गढ़ी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई शराब की पेटियों को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिए है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है तथा युवा नशे के गर्त में डूबता जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीणों ने रीवा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक रीवा से अवैध पैकारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और युवा नशे से बच सकें।

# जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज ने जनहित मुद्दों को लेकर सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन



**मऊगंज ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री स्वतंत्र प्रभार व मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल के मऊगंज प्रवास के दौरान जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा मऊगंज जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख कार्यालयों का संचालन मऊगंज में कराने, रीवा मिर्जापुर रेल लाईन को मऊगंज जिले के मुख्यालय से जोड़ने, जिला व सत्र न्यायालय मऊगंज में स्थापना कराने, सीतापुर हनुमना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा कराने, बेरोजगार युवाओं के लिये उद्योगों की स्थापना, मऊगंज में महिला कालेज खोले जाने, मऊगंज जिले में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार करने के प्रमाणित कार्य करने, मऊगंज जिले में केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय की स्थापना, नगरीय क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कर सुविधाजनक नालीयुक्त सड़को का निर्माण पूर्ण कराने, न्यायालयों में पड़े लंबित राजस्व मामलों के निवारण के लिये शिविरों का आयोजन करने, अभिलेखागार का संचालन तत्काल मऊगंज में कराने, कोषालय (ट्रेजरी) का कार्यालय मऊगंज में शीघ्र संचालित कराने, जिले मे संचालित गौशालाओं में व्याप्त अनियमितताओं को दूर कर सुविधाजनक गौशालाओं का संचालन सुनिश्चित कराने व जिले के लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों को लेकर परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा। जिस पर चर्चा के उपरांत प्रभारी मंत्री ने समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ मऊगंज के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी कर्दम ऋषि, पूर्व शिक्षक व समाजसेवी पं. केशव प्रसाद मिश्र, विद्याधर मिश्र पैपखार, पूर्व सरपंच सत्यनारायण वर्मा व पारसनाथ शुक्ला, अधिवक्ता जे.पी. पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता महेन्द्र मिश्रा उमेश द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल थे।

# सामाजिक समरसता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर किया जागरूक




**आचंलिक डेस्क।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय,गुढ़ में विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय में सामाजिक समरसता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी, रेखा मिश्रा एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम द्विवेदी द्वारा सामाजिक संस्थाओं के संदर्भ में अपने विचार विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. व्यास नारायण मिश्र द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा रिया तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों के मध्य व्यापार किसान एवं अन्य समसामयिक विषयों पर समूह चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विषय के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस अवसर मुख्य रूप से डॉक्टर संदीप कपूर सर डॉ रामेश्वर डॉ अमित मिश्रा सर डॉक्टर पूनम एवं दीपा द्विवेदी पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा।

# रात में दो हजार रु में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहा लालगांव गैस एजेंसी संचालक



**लालगांव, नि.प्र.।** लालगांव इंडेन गैस ग्रामीण वितरक में घरेलू सिलेंडर को लेकर लोग खासे परेशान हो रहे हैं। संवाददाता को उपभोक्ताओं ने बताया कि घंटों धूप में बैठने के बाद भी लोगों को गैस नसीब नही हो रहा है। लालगांव इंडियन गैस में कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि आप लोगों का केवाईसी नहीं है इसलिए गैस सिलेंडर नहीं मिलेगी, यहां के कर्मचारी कहते हैं कि पहले केवाईसी कराओ उसके बाद गैस मिलेगा। जबकि केवाईसी के नाम पर यहां के कर्मचारियों द्वारा 500 से रु1000 तक वसूला जा है। उपभोक्ता का कहना है कि अगर केवाईसी नहीं होगा तो गैस कैसे बुक होगी। यहां के उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि यहां के संचालक और कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है। एक बार में सौ सिलेंडर आता है इसलिए जल्दी खत्म हो जाता है। संवाददाता से बात करते हुए ग्रामीणों में आरोप लगाया है गैस संचालक द्वारा रात में गैस को दो दो हजार में ब्लैक किया जाता है।

# मुदरिया के दो भाईयों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन





**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के ग्राम मुदरिया चौबान के दो बेटों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। कर्मचारी चयन आयोग भारत सरकार द्वारा घोषित एसएससी सीजीएल 2025 के फाइनल रिजल्ट में ग्राम मुदरिया चौबान, तहसील एवं जिला मऊगंज निवासी संगम चतुर्वेदी का चयन सांख्यिकी अधिकारी के पद पर हुआ है। वहीं संगम चतुर्वेदी के छोटे भाई सागर चतुर्वेदी ने यूजीसी नेट दिसंबर 2025 की परीक्षा में दर्शनशास्त्र विषय से नेट क्वालीफाई किया है, इसके अलावा उन्होंने आईआईटी-जेईई 2025 में ऑल इंडिया स्तर पर 56वीं रैंक प्राप्त की है। साथ ही उनका चयन दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए भी हो गया है। दोनों भाइयों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पांचवीं तक प्राप्त की। इसके बाद छठवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई अमित पब्लिक विद्यालय से पूरी की। संगम चतुर्वेदी और सागर चतुर्वेदी की इन उपलब्धियों पर गांव के लोगों, शुभचिंतकों और जिलेवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मेधावी छात्रा अक्षरा मिश्रा को 5001रु का मिला पुरस्कार

### शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पटेहरा में हुआ आयोजन,



**जवा ब्यूरो।** कलेक्टर जिला रीवा के निर्देशानुसार भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पटेहरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अमित पाण्डेय, मनरेगा प्रभारी नागेंद्र सिंह एवं ग्राम पंचायत खमरिया-34 के सचिव विवेकानंद पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वेटरनरी सर्जन डॉ. आर. पी. गौतम उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए भविष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवकरण मिश्रा ने छात्रा अक्षरा मिश्रा की विशेष उपलब्धि का उल्लेख किया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कक्षा 11वीं में 94प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं तथा भविष्य में आईआईटी परीक्षा की तैयारी का संकल्प लिया है। उनकी इस उपलब्धि से प्रभावित होकर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अमित पाण्डेय, मनरेगा प्रभारी नागेंद्र सिंह एवं सचिव विवेकानंद पाण्डेय द्वारा छात्रा को प्रोत्साहन स्वरूप 5001 रुपये की राशि प्रदान की गई, ताकि वह अपनी आवश्यक अध्ययन सामग्री क्रय कर सके। साथ ही कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप 501 रुपये प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर नियमित विद्यालय आने एवं शिक्षा के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मातेश्वरी क्लिनिक में पनवार में आज

**पनवार नि.प्र.।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 10 अप्रैल को मातेश्वरी क्लिनिक पनवार में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए शिविर के आयोजन डॉक्टर एलपी मिश्रा ने संवाददाता को बताया कि निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा किया जा रहा है। नेत्र परीक्षण शिविर में आंखों की जांच की जाएगी साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु उसी दिन चित्रकूट के लिए स्पेशल वाहन से ले जाया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीज को अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है, साथ ही मरीज के पास घर के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर होना जरूरी है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय जनों को नेत्र परीक्षण शिविर में भाग लेने की अपील की है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मातेश्वरी क्लिनिक में पनवार में आज

**पनवार नि.प्र.।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 10 अप्रैल को मातेश्वरी क्लिनिक पनवार में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए शिविर के आयोजन डॉक्टर एलपी मिश्रा ने संवाददाता को बताया कि निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा किया जा रहा है। नेत्र परीक्षण शिविर में आंखों की जांच की जाएगी साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु उसी दिन चित्रकूट के लिए स्पेशल वाहन से ले जाया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीज को अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है, साथ ही मरीज के पास घर के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर होना जरूरी है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय जनों को नेत्र परीक्षण शिविर में भाग लेने की अपील की है।

## सोहागी थाना प्रभारी ने संभाला कार्यभार

**सोहागी, नि.प्र.।** रीवा जिले के सोहागी थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में कमलेश साहू ने कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित कदम उठाए और पुलिस टीम के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी सब इंस्पेक्टर, बीट के सिपाही और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थाना प्रभारी कमलेश साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। थाना प्रभारी ने बैठक के दौरान बीट प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

## विश्व पटल में बढ़ते भारत के कदम विषय में छात्रों का दिखा उत्साह



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब, जिला मऊगंज में प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में संचालित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पाँचवें दिन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक सोनी, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय नईगढ़ी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक सुदृढ़ता के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में खेलों को अपनाने और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। दिवस के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को दोहराया और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया तथा आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ भोजन ग्रहण किया। दिवस के बौद्धिक सत्र में डॉ. ले. आर. एन. पटेल (शासकीय महाविद्यालय मऊगंज) ने विश्व पटल में बढ़ते भारत के कदम विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।

## सेमरिया थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने ग्रहण किया पदभार

**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया थाना में नवागत थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने पदभार ग्रहण करते ही कानून व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी और इसके लिए प्रभावी रणनीति के तहत कार्यवाई की जाएगी, उन्होंने विशेष रूप से सेमरिया क्षेत्र में बढ़ रहे मेडिकल नशे के कारोबार पर चिंता जताई और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की कि जहां भी इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिले तत्काल पुलिस को सूचित करें, उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। आशीष मिश्रा ने कहा कि मेडिकल नशे के छोटे सप्लायर से लेकर बड़े तस्करों तक किसी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया और कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और सुचारू यातायात सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## चौखंडी में धूमधाम से मनायी जाएगी बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

**जवा ब्यूरो।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी, उक्त जानकारी देते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कांति कुमार द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वंचित, शोषित समाज को मुख्य धारा में जोड़ने उनके हक और अधिकार की रक्षा करने तथा राजा शाही व्यवस्था को खत्म करने अपने अधिकारों के लिए खुलकर अपनी बात रखने राष्ट्र की रक्षा के लिए आंदोलन प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन पर दबाव बनाने का अधिकार संविधान में दिया गया है। प्रजातंत्र की वोट से राजा को चुने जैसे अधिकारों को समाहित करते हुए संविधान का निर्माण किया गया था किंतु लंबा समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी दलित आदिवासी वंचित शोषित समाज के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। केंद्र और राज्य में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकारे बाबा साहब के लिखे हुए संविधान को नष्ट कर मनुवादी व्यवस्था को लागू करने एवं प्रजातांत्रिक तरीके से अपनी आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठाने के अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। जात-पात धर्म मजहब के नाम पर नफरत फैला कर सत्ता में बैठकर लगातार आए दिन जंगलों में बसे दलित गरीब आदिवासियों को पूरी तरह से नष्ट बर्बाद करने पर तुली हुई है। उनके घर उजड़े जा रहे हैं उनको उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है तथा कुछ चंद पूंजी पतियों को देश की संपत्ति को उनके हाथों मे सोप जा रहा है।

# कलेक्टर ने नगरीय निकायों में कर वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार ने नगरीय निकायों में राजस्व प्राप्ति बढ़ाने तथा लंबित करों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए करों की नियमित एवं प्रभावी वसूली अत्यंत आवश्यक है। संपत्ति कर, जल कर, दुकान किराया, स्वच्छता कर एवं अन्य स्थानीय करों का लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध वसूली सुनिश्चित करें। प्रत्येक वार्ड के लिए विशेष राजस्व दल का गठन करें। बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें अंतिम नोटिस जारी करें। जिन उपभोक्ताओं संस्थाओं द्वारा लंबे समय से करों का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बकाया करों की सूची तैयार कर उसका नियमित अनुश्रवण करें तथा वसूली की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें। साथ ही करदाताओं को समय पर कर जमा करने के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। कर संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाएं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। करों के भुगतान के लिए ऑनलाइन पोर्टल और डिजिटल पेमेंट विकल्पों को और अधिक सुलभ बनाया जाए, ताकि नागरिक सुगमता से करों का भुगतान कर सकें।

## मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान चलाकर आमजनों को किया जा रहा जागरूक

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा पिछले एक सप्ताह से मिलावटखोरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने एकत्र कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट में अमानक पाए जाने वाले संस्थानों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और प्रकरण पंजीबद्ध किए जाएंगे। इसी क्रम में मऊगंज, हनुमाना और देवतालाब के बाजारों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से आमजन को जागरूक भी किया गया। इस दौरान खाद्य अधिकारियों ने नागरिकों को दूध, घी, पनीर, दही और मसालों में होने वाली मिलावट की पहचान करने के सरल तरीके बताए, ताकि लोग स्वयं घर पर ही खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच कर सकें और सुरक्षित खान-पान के प्रति सजग रहें।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| यशस्वी (राजस्थान) | 170 |
| समीर रिजवी (दिल्ली) | 160 |
| रघुवंशी (कोलकाता) | 155 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 07 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 06 |
| राशिद खान (गुजरात) | 05 |

## बाउंड्री मीटर



248 छक्के
458 चौके
32 अर्धशतक


मुकुल चौधरी ने आठवें विकेट के लिए 23 गेंद पर 57 रन की साझेदारी की जो, मैच का टर्निंग प्वाइंट बनी। मुकुल ने नाबाद 54 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.403 |
| पंजाब | 3 | 2 | 0 | 5 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.501 |
| दिल्ली | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.811 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.359 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.275 |
| गुजरात | 3 | 1 | 2 | 2 | - 0.270 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.715 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.315 |
| चेन्नई | 3 | 0 | 3 | 0 | -2.517 |

## मैच 15: लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को उसके घरेलू मैदान पर तीन विकेट से हराया

# मुकुल ने सात छक्के जड़ केकेआर के जबड़े से छीनी जीत



प्लेयर ऑफ द मैच
डेवोन कॉनवे

54 रन
27 गेंद
02 चौके
07 छक्के

- लखनऊ ने केकेआर को पांचवीं बार शिकस्त दी। दोनों के बीच अब सात बार भिड़ंत हुई है।
- लखनऊ ने दूसरी बार आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की। इससे पहले उसने 2023 में आरसीबी के खिलाफ अंतिम गेंद पर रन चेज करते हुए मुकाबला जीता था।

**जेएनएन, कोलकाता**

21 साल के मुकुल चौधरी की बेखौफ नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया। कोलकाता की चार मैचों में तीसरी हार है। लखनऊ ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर 128 रन पर मोहम्मद शमी के रूप में सातवां विकेट गंवा दिया था। टीम को आखिरी चार ओवर में 54 रन चाहिए थे, और चौधरी ने आवेश खान (नाबाद एक) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। लखनऊ के लिए आयुष बदोनी ने भी 54 रन की शानदार पारी खेली। चौधरी ने अपनी पारी की शुरुआती आठ गेंदों में केवल दो रन बनाए, लेकिन बाद में सात छक्के लगाकर नाबाद 54 रन बनाए। इनमें से वैभव अरोड़ा की गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में खेला गया हेलीकॉप्टर शॉट दर्शनीय था। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 181 रन बनाए। कैमरुन ग्रीन ने मौजूदा सत्र में पहली बार गेंदबाजी करते हुए अपनी दूसरी गेंद पर कप्तान रिषभ पंत को आउट किया और टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। हालांकि, पारी के 19वें ओवर में वह रन रोकने में नाकाम रहे। आखिरी दो ओवर में केकेआर को 30 रन की जरूरत थी, लेकिन ग्रीन ने 16 रन लुटा दिए। लखनऊ को अंतिम ओवर में 14 रन चाहिए थे, और वैभव अरोड़ा दबाव में चूक गए। आईपीएल के अपने पहले सत्र में तीसरा मैच खेल रहे चौधरी ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का मारकर स्कोर बराबर किया और फिर आखिरी गेंद पर चूकने के बाद एक रन लेकर टीम को यादगार जीत दिलाई।

### सुपर जाएंट्स 128 रन पर सात विकेट गंवाकर मुश्किल में थी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐडन माक्ररम (22) और मिचेल मार्श (15) ने पहले चार ओवर में 41 रन बनाते हुए लखनऊ को शानदार शुरुआत दिलाई थी। फिर पांचवां ओवर लेकर वैभव अरोड़ा आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों में ही मैच का रुख पलट दिया। एक ही ओवर में दोनों ओपनर्स को आउट करके वैभव ने केकेआर की वापसी कराई। दो विकेट गिरने के बावजूद लखनऊ ने पावरप्ले में 56 रन बनाए थे। इंपैक्ट प्लेयर आयुष बदोनी ने कप्तान रिषभ पंत के साथ तीसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 31 रन जोड़े। हालांकि, नौवें ओवर में ग्रीन ने पंत को कैच आउट कराया। 12वें ओवर में त्यागी ने पूरन को शिकार बनाया। समद 2 रन पर अनुकूल का शिकार हुए। 13वें ओवर में 104 के स्कोर पर लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया था। 16 ओवर के बाद उनका स्कोर 128/7 हो चुका था और इस समय मैच पूरी तरह केकेआर की पकड़ में दिख रहा था। आखिरी चार ओवर में टीम को 54 रन चाहिए थे और मुकुल इकलौते बल्लेबाज थे।

### अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ा स्कोर नही बना पाई केकेआर

केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरे ओवर में ही फिन ऐलन (9) का विकेट गंवा दिया था, जिन्हें प्रिंस यादव ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे (41) और अंगकृष रघुवंशी (45) ने दूसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 84 रनो की साझेदारी निभाई। 11वें ओवर में रहाणे के विकेट के साथ 99 के स्कोर पर इस साझेदारी का अंत किया। 11 रन के अंदर तीन विकेट गंवाकर केकेआर ने लखनऊ को वापसी करने का मौका दिया। यहां से फिर कैमरून ग्रीन (32*) और रॉवमैन पॉवेल (39*) ने पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों में अविजित 70 रन जोड़े और टीम को एक अच्छे स्कोर तक लेकर गए।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 181/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का. शमी बो. राठी | 41 | 24 | 4 | 2 |
| फिन ऐलन का. राठी बो. प्रिंस | 9 | 8 | 2 | 0 |
| अंगकृष का. माक्ररम बो. सिद्धार्थ | 45 | 33 | 5 | 2 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 32 | 24 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह बो. आशीष | 4 | 7 | 0 | 0 |
| रौवमन पॉवेल नाबाद | 39 | 24 | 4 | 2 |

**अतिरिक्तः** 11, **कुलः** 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन, **विकेट पतनः** 1-15, 2-99, 3-105, 4-111, **गेंदबाजीः** मोहमद शमी 4-0-27-0, प्रिंस यादव 4-0-47-1, एम सिद्धार्थ 4-0-34-1, दिग्वेश राठी 4-0-25-1, आवेश खान 4-0-44-1.

**लखनऊ सुपर जाएंट्सः 182/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का. रघुवंशी बो. वैभव | 15 | 11 | 1 | 1 |
| माक्ररम का. पॉवेल बो. वैभव | 22 | 15 | 2 | 1 |
| रिषभ पंत का. त्यागी बो. ग्रीन | 10 | 9 | 1 | 0 |
| आयुष बदोनी का. रिंकू बो. अनुकूल | 54 | 34 | 7 | 2 |
| पूरन का. रमनदीप बो. त्यागी | 13 | 15 | 0 | 1 |
| अब्दुल समद बो. अनुकूल | 2 | 4 | 0 | 0 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 54 | 27 | 2 | 7 |
| शमी का. अनुकूल बो. नारायण | 1 | 3 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 1 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 10, **कुलः** 20 ओवर में सात विकेट पर 182 रन, **विकेट पतनः** 1-41, 2-42, 3-73, 4-95, 5-104, 6-125, 7-128, **गेंदबाजीः** वैभव 4-0-38-2, अनुकूल 4-0-32-2, सैनी 3-0-37-0, नारायण 4-0-13-1,त्यागी 3-0-31-1, ग्रीन 2-0-28-1.

## सीजन की दो विजयी टीम आरसीबी और राजस्थान के बीच भिड़ंत आज

### विराट की निगाहें तिहरे शतक पर

**जेएनएन, गुवाहाटी**

आईपीएल 2026 के 16वें मैच में शुक्रवार को दो ऐसी टीमों की भिड़ंत होगी, जो इस सीजन में अब तक नहीं हारी हैं। राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को होस्ट करने वाली है। राजस्थान ने जहां जीत की हैट्रिक लगा दी है, तो वहीं आरसीबी भी वही करने की कोशिश करेगी। इस मैदान पर पिछला मुकाबला बारिश की वजह से बाधित रहा था, लेकिन राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन जीत हासिल की थी। आरसीबी के खिलाफ भी वो अपने उस विनिंग मोमेंटम को बरकरार रखना चाहेंगे। हालांकि ओवरऑल हेड टू हेड में आरसीबी का पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 33 मैच हुए हैं, जिसमें राजस्थान ने 14 और आरसीबी ने 17 मैचों में जीत हासिल की है। वहीं दो मैचों का नतीजा नहीं निकला है। दो साल पहले टी-20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। कोहली के 269 आईपीएल मैचों में अभी 297 छक्के हैं। अगर वो तीन और छक्के इस मैच में लगा देते हैं तो फिर आईपीएल में उनके 300 छक्के पूरे हो जाएंगे। इसके साथ ही कोहली, रोहित शर्मा और क्रिस गेल की लिस्ट में भी शामिल हो जाएंगे। गेल ने सबसे ज्यादा 357 छक्के लगाए हैं और दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित के 309 छक्के हैं। वहीं रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है, जिसका श्रेय यशस्वी और वैभव सूर्यवंशी को जाता है।



### संदीप शर्मा के पास है कोहली का तोड़

राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड उतना अच्छा नहीं रहा है। अब तक 18 पारियों में संदीप ने कोहली को सात बार पवेलियन की राह दिखाई है। हालांकि कोहली ने 150 की स्ट्राइक रेट से संदीप के खिलाफ रन बनाए हैं, लेकिन इस चक्कर में वो आउट भी कई बार हुए हैं।

### डेथ ओवर्स में डेविड हो सकते हैं खतरनाक

राजस्थान को डेथ ओवर्स में टिम डेविड को जल्द आउट करना होगा, नहीं तो वह मैच को उनकी पकड़ से बहुत दूर ले जाएंगे। इसकी वजह यह है कि डेथ ओवर्स में 2025 से ही डेविड का स्ट्राइक रेट काफी जबरदस्त रहा है। डेविड ने 17-20 ओवरों में 237 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल 2025 से ही उनका स्ट्राइक रेट (मिनिमम 100 गेंद) दूसरा सबसे बेस्ट (201) रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डेविड आखिर के ओवरों में कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं।

## लॉरा कारडोसो ने रचा इतिहास टी-20 मैच में झटके नौ विकेट

**दुबई, जेएनएन।** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने पुरुषों या महिलाओं के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में एक पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ चार रन देकर नौ विकेट चटकाए, जो टी-20 इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। उन्होंने गैबोरोन में बीसीए कालाहारी महिला टी-20 में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था, जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी-20 मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। आईसीसी के अनुसार महिलाओं के टी-20 में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (48) और मोनिके मचाडो (नाबाद 69 रन) की पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में लेसोथो की टीम 6.2 ओवर में सिर्फ 13 रन पर सिमट गई और ब्राजील ने 189 रन की बड़ी जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज कारडोसो ने दूसरे ओवर में हैट्रिक के साथ शुरुआत की। उन्होंने चौथे ओवर में चार और विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या सात कर ली। कारडोसो ने छठे ओवर में दो और विकेट के साथ पारी में नौ विकेट चटकाए। आखिरी विकेट मैरिएन आर्टुर ने लिया।



## भारत के खिलाफ जून में टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कमर के ऑपरेशन के बाद टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की डॉक्टर की सलाह के बाद अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिए हैं कि वह जून में भारत के खिलाफ मुल्लांपुर में होने वाले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। राशिद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए फिट रहने की है। 27 वर्ष के राशिद ने 2023 वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराई थी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की सलाह दी है, लेकिन इसके बावजूद पिछले साल उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट खेलकर 54 ओवर डाले और 11 विकेट लिए थे। राशिद ने कहा कि यह काफी कठिन सवाल है। डॉक्टर ने मुझे सबसे पहले टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने के लिए ही कहा था।



## आईएसएसएफ विश्व कप

## दिव्या ने चौथा, गजानन ने पांचवां स्थान हासिल किया

**ग्रेनाडा, जेएनएन।** दिव्या टीएस ने महिला 25 मीटर पिस्टल में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि गजानन खंडागले ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर पांचवां स्थान हासिल कर आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप में भारत के लिए गुरुवार का दिन यादगार बना दिया। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही दिव्या ने फाइनल में 28 निशाने लगाए और मामूली अंतर से पदक से चूक गईं। अनुभवी भारतीय रिद्म संगवान ने महिला 25 मीटर पिस्टल में सातवां स्थान हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली चीन की शियाओ जियारुइक्सुआन ने हमवतन और पदार्पण कर रही कोंग जिएरू को शूट-ऑफ में पछाड़ कर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में गजानन ने क्वालिफिकेशन में 634.3 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

## आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय हारे

### बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप



**निंगबो, जेएनएन।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, लेकिन पीवी सिंधू और एचएस प्रणय हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21-16, 21-12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एचएस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21-12, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21-13, 21-14 से हराया।

## सिटी स्पोर्ट्स

## क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी (एमसीसीए) का ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर गुरुवार से प्रारंभ हो गया है। शिविर का शुभारंभ (भोपाल संभाग क्रिकेट संघ) बीडीसीए के सचिव शांति कुमार जैन और रेलवे के एडीआरएम दिनेश कुमार कलमे ने किया। अकादमी के सचिव डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर खिलाड़ियों को विशेषज्ञ कोचेज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शांति कुमार जैन ने खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का विकास अच्छे तरीके से करने और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। इस अवसर पर अकादमी के कोच केडी गुप्ता, सुरेश खड़से और जमील अहमद उपस्थित रहे।

## कुश्ती खिलाड़ियों के चयन ट्रायल आज

**भोपाल, खेप्र।** आगामी राष्ट्रीय अंडर-17 बालक/बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के लिए भोपाल जिले के खिलाड़ियों का चयन 10 अप्रैल को किया जाएगा। यह जिला स्तरीय सिलेक्शन ट्रायल अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 से 30 अप्रैल 2026 तक छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी। मध्य प्रदेश कुश्ती दल के गठन के लिए राच्य स्तरीय अंडर-17 प्रतियोगिता 12 से 13 अप्रैल को सागर में आयोजित होगी, जिसमें चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। इसी के लिए भोपाल जिले के पहलवानों का चयन ट्रायल रखा गया है। भोपाल जिला कुश्ती संघ के सचिव शाकिर नूर ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को 10 अप्रैल को शाम 4 बजे पंजीयन व वजन प्रक्रिया के लिए अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में उपस्थित होना अनिवार्य है।

## मप्र की मुक्केबाज स्नेहा, रिद्धि और वरिधि सेमीफाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य अकादमी की खिलाड़ियों स्नेहा वर्मा, रिद्धि पांडे और वरिधि दुबे ने सातवीं जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 75 किलोग्राम वर्ग स्नेहा वर्मा ने पंजाब की इच्छामनवीर को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। 70 किग्रा में रिद्धि ने तमिलनाडु की जनश्रुति पी को 5-0 से शिकस्त दी। वहीं 66 किग्रा में वरिधि मणिपुर की आरतीना को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं। यह सभी खिलाड़ी अकादमी में मुख्य कोच रोशनलाल के नेतृत्व में प्रशिक्षण हासिल करती हैं।

## निशानेबाजीः मप्र के नौ खिलाड़ियों का नेशनल स्क्वाड कैंप में चयन

### पांच खिलाड़ी विश्व कप में करेंगे भारत का प्रतिनिधत्व





**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के नौ खिलाड़ियों का चयन नेशनल स्क्वाड कैंप के लिए किया गया है। भारतीय राइफल संघ द्वारा यह प्रशिक्षण शिविर 11 से 26 अप्रैल 2026 तक नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा। यह खिलाड़ी शॉटगन इवेंट में हिस्सा लेंगे। कैंप के लिए चयनित खिलाड़ियों में प्रगति दुबे, मनीषा, नीरू, वर्षा बर्मन, श्रेष्ठ सिसोदिया, वंशिका तिवारी, मानसी रघुवंशी, शिवानी रैकवार एवं ज्योतिरादित्य सिसोदिया शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी देश के शीर्ष निशानेबाजों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी तकनीक एवं प्रदर्शन को और बेहतर बनाएंगे। कैंप के पश्चात मप्र के पांच खिलाड़ी प्रगति, नीरू, मनीषा, वर्षा और वंशिका आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह विश्व कप अल्माटी में 29 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित किया जाएगा।

## खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोग' 15 से

### विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भोपाल, खेप्र।** खेल विभाग द्वारा प्रदेश भर में 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोग-2026)' का आयोजन 15 अप्रैल से 30 जून तक किया जा रहा है। न्यूनतम 30 दिवसीय इस शिविर में विकासखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 'मेरा युवा एमपी' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आरोग-2026 का उद्देश्य लक्ष्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देना है। शिविर प्रदेश के समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में कम से कम दो खेल, लघु जिला मुख्यालय पर चार खेल, बड़े जिला मुख्यालय पर आठ और संभागीय मुख्यालय पर 15 खेलों के शिविर आयोजित किए जाएंगे। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत दैनिक फिटनेस गतिविधियां, योग एवं प्राणायाम सत्र आयोजित किए जाएंगे। व्यक्तित्व विकास के लिए कम्युनिकेशन स्किल, लीडरशिप एवं मोटिवेशनल सत्र आयोजित होंगे।

## पांडे के दोहरे प्रदर्शन से आईपीसीए बनी टी-20 चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** पूर्व रणजी और आईपीएल प्लेयर ईश्वर पांडे के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आईपीसीए ने नौवें ऑल इंडिया मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल मास्टर्स को 106 रन से करारी शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर वेटरन ग्रुप में आईपीसीए ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 183 रन बनाए। पांडे ने 51, अब्दुल अकील ने 47, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव ने 34 और सनी भटनागर ने नाबाद 22 रन की पारी खेली। भोपाल मास्टर्स के प्रदीप कनाड़े ने 2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल मास्टर्स 77 रन पर ढेर हो गई।



| | |
|---|---|
| प्लेयर ऑफ द फाइनल | ईश्वर |
| सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज | जेपी यादव |
| सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज | शेखर दीक्षित |
| सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर | जावेद अख्तर |
| सर्वश्रेष्ठ फील्डर | प्रदीप कनाडे |
| प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट | नीलेश |

## महिला खिलाड़ियों का सम्मान



**भोपाल, खेप्र।** राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने गुरुवार को प्रदेश के पहले पिंक स्पोर्ट्स शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें खेल सामग्री की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंत्री गौर ने अपने ऑटोग्राफ वाले बैट प्रदान कर महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया।

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com

